PLANET NEWS INDIA
Follow us on:/
निर्भय कुमार सेंगर
(संस्थापक एवं प्रधान संपादक)
01




# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
RNI No.- UPHIN/25/A4228

(भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त)

■ वर्ष : 01 ■ अंक : 01 ■ अलीगढ़, शुक्रवार 14 अगस्त 2026 ■ पृष्ठ : 8 ■ मूल्य : 1/-रुपया www.planetnewsindia.com


## UP: जज ने पूछा- बताओ क्या सजा दें, बेटी रोते हुए बोली- मम्मी को दे दो फांसी, मुझे कोई लगाव नहीं

अवैध संबंधों में पति सुरेश की हत्या के लिए पत्नी बीना और प्रेमी मनोज को आजीवन कारावास, 35,000 रुपये जुर्माने की सजा मिली है। बेटी रोशनी ने दोषियों को फांसी देने की मांग की। अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय तोष कुमार शर्मा ने अवैध संबंधों के चलते पति सुरेश की हत्या करवाने वाली पत्नी बीना और उसके प्रेमी मनोज को आजीवन कारावास और 35,000 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। सजा सुनाए जाने से पहले अपर सत्र न्यायाधीश तोष कुमार शर्मा ने अदालत कक्ष में मौजूद मृतक की छोटी बेटी रोशनी से पूछा कि वह क्या चाहती है। इस पर मासूम बेटी फूट-फूटकर रो पड़ी और कहा जज अंकल मुझे मम्मी से कोई लगाव नहीं है। इसने मेरे पापा को मारा है, इसे फांसी दे दो। बेटी के इन दर्दनाक और झकझोर देने वाले शब्दों ने अदालत में मौजूद हर शख्स की आंखें नम कर दीं। इसके बाद न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर कड़ा रुख अपनाते हुए दोनों दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई। पूरे मुकदमे में बड़े बेटे 15 वर्षीय नीतेश की गवाही सबसे अहम साबित रही, जो इस घटना का चश्मदीद गवाह रहा। रोशनी उसकी सबसे छोटी बहन है। छोटा भाई पुनीत है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, यह घटना 10 जुलाई 2025 को सुबह करीब 08:30 बजे की है। थाना बरला क्षेत्र के कस्बा स्थित मोहल्ला कोठी आंबेडकर स्कूल के पास निवासी विजय सिंह अपने भाई सुरेश के घर के बाहर बैठे थे, जबकि सुरेश की पत्नी बीना घर के दरवाजे पर खड़ी हुई थी।




उसी दौरान मोहल्ले का ही रहने वाला युवक मनोज वहां आया। बीना ने मनोज से कहा, देख क्या रहा है, आज इसे जिंदा मत छोड़ना, गोली मार दे। इसके बाद मनोज ने अपनी कमर से तमंचा निकाला और सुरेश के सीने में गोली दाग दी, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जब मृतक के भाई विजय सिंह अपने भाई को बचाने दौड़े, तो मनोज ने जान से लेने की नीयत से उन पर भी दूसरा फायर झोंक दिया। गोली उनके कान के पास से निकलकर दीवार में जा धंसी, जिसके बारूद से वादी का चेहरा बुरी तरह झुलस गया। पुलिस ने हत्या और अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर बीना और मनोज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था और बाद में न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया। फैसले के तहत वसूले जाने वाले कुल 35,000 रुपये के अर्थदंड में से आधी धनराशि मृतक के बच्चों को दी जाएगी तथा शेष आधी धनराशि राज्य कोष में जमा की जाएगी।

**अदालत में ऐसे साबित हुआ जुर्म**

मुकदमे की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से कुल आठ गवाह पेश किए गए। इनमें मुख्य चश्मदीद गवाह वादी मुकदमा विजय सिंह (मृतक के भाई) और मृतक का 15 वर्षीय पुत्र नीतेश शामिल रहे। इसके अलावा चिकित्साधिकारी, पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर, विवेचक अरुण पवार और अन्य पुलिसकर्मियों की गवाही व दस्तावेजी साक्ष्य जैसे- पोस्टमार्टम रिपोर्ट, एफएसएल रिपोर्ट, बरामद तमंचा, कारतूस और मोबाइल प्रस्तुत किए गए।

## Aligarh News: जज अंकल मम्मी ने पापा को मारा है, फांसी दे दो





अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय तोष कुमार शर्मा ने अवैध संबंधों के चलते पति सुरेश की हत्या करवाने वाली पत्नी बीना और उसके प्रेमी मनोज को आजीवन कारावास और 35,000 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। सजा सुनाए जाने से पहले अपर सत्र न्यायाधीश तोष कुमार शर्मा ने अदालत कक्ष में मौजूद मृतक की छोटी बेटी रोशनी से पूछा कि वह क्या चाहती है। इस पर मासूम बेटी फूट-फूटकर रो पड़ी और कहा जज अंकल मुझे मम्मी से कोई लगाव नहीं है। इसने मेरे पापा को मारा है, इसे फांसी दे दो। बेटी के इन दर्दनाक और झकझोर देने वाले शब्दों ने अदालत में मौजूद हर शख्स की आंखें नम कर दीं। इसके बाद न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर कड़ा रुख अपनाते हुए दोनों दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई। पूरे मुकदमे में बड़े बेटे 15 वर्षीय नीतेश की गवाही सबसे अहम साबित रही, जो इस घटना का चश्मदीद गवाह रहा। **रोशनी उसकी सबसे छोटी बहन है। छोटा भाई पुनीत है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, यह घटना 10 जुलाई 2025 को सुबह करीब 08:30 बजे की है। थाना बरला क्षेत्र के कस्बा स्थित मोहल्ला कोठी आंबेडकर स्कूल के पास निवासी विजय सिंह अपने भाई सुरेश के घर के बाहर बैठे थे, जबकि सुरेश की पत्नी बीना घर के दरवाजे पर खड़ी हुई थी। उसी दौरान मोहल्ले का ही रहने वाला युवक मनोज वहां आया। बीना ने मनोज से कहा, देख क्या रहा है, आज इसे जिंदा मत छोड़ना, गोली मार दे। इसके बाद मनोज ने अपनी कमर से तमंचा निकाला और सुरेश के सीने में गोली दाग दी, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जब मृतक के भाई विजय सिंह अपने भाई को बचाने दौड़े, तो मनोज ने जान से लेने की नीयत से उन पर भी दूसरा फायर झोंक दिया। गोली उनके कान के पास से निकलकर दीवार में जा धंसी, जिसके बारूद से वादी का चेहरा बुरी तरह झुलस गया। पुलिस ने हत्या और अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर बीना और मनोज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था और बाद में न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया।** फैसले के तहत वसूले जाने वाले कुल 35,000 रुपये के अर्थदंड में से आधी धनराशि मृतक के बच्चों को दी जाएगी तथा शेष आधी धनराशि राज्य कोष में जमा की जाएगी।

**अदालत में ऐसे साबित हुआ जुर्म :**

मुकदमे की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से कुल आठ गवाह पेश किए गए। इनमें मुख्य चश्मदीद गवाह वादी मुकदमा विजय सिंह (मृतक के भाई) और मृतक का 15 वर्षीय पुत्र नीतेश शामिल रहे। इसके अलावा चिकित्साधिकारी, पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर, विवेचक अरुण पवार और अन्य पुलिसकर्मियों की गवाही व दस्तावेजी साक्ष्य जैसे- पोस्टमार्टम रिपोर्ट, एफएसएल रिपोर्ट, बरामद तमंचा, कारतूस और मोबाइल प्रस्तुत किए गए

## Aligarh News: 12 लाख की लूट में पूर्व चालक समेत पांच दबोचे, 4.29 लाख बरामद



**इससे पहले ही पुलिस ने घटना का खुलासा कर दिया। मैं पुलिस द्वारा किए गए घटना के खुलासे से संतुष्ट हूं। मैंने यही कहा था कि रकम मिले या न मिले, कोई निर्दोष इस केस में नहीं फंसना चाहिए। पुलिस ने पूरा केस सही खोला है। जिसको ड्राइवर रखा था, तब यही सोचा था कि वह मोहल्ले का है। क्या पता था कि यह ऐसी घटना भी कर सकता है। पुलिस ने लगातार केस पर काम किया। तकनीकी सहायता से लेकर अपने सूचना तंत्र की भी मदद ली। कोशिश थी कि घटना का सही और सटीक खुलासा किया जाए।**

थाना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला भुजपुरा में हार्डवेयर कारोबारी की फैक्टरी से हुई लूट का पुलिस ने 48 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। पुलिस ने इस वारदात के मास्टरमाइंड और कारोबारी के पूर्व ड्राइवर समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से लूट के 4.29 लाख रुपये, दो तमंचे और वारदात में इस्तेमाल लाल रंग की पल्सर बाइक बरामद की गई है। सभी गिरफ्तार आरोपियों का पूर्व आपराधिक इतिहास रहा है और उन पर कई मुकदमे दर्ज हैं। गौरतलब है कि 10 अगस्त को भुजपुरा बिजलीघर के पास मो. जाकिर की हार्डवेयर फैक्टरी पर बाइक सवार बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया था। शुरुआती जांच में पीड़ित कारोबारी ने अनुमानित तौर पर 12 लाख रुपये की लूट की बात कही थी, हालांकि एसपी सिटी आदित्य बंसल ने साफ किया कि पुलिस जांच के मुताबिक कुल 5.50 लाख रुपये की नकदी लूटी गई थी, क्योंकि कुछ भुगतानों के बाद वास्तविक रकम उतनी ही थी। घटनास्थल की भौगोलिक स्थिति तंग गलियां और भूल-भुलैया वाले मोड़ आदि को देखते हुए पुलिस को पहले दिन से ही शक था कि इस वारदात को किसी ऐसे शख्स ने अंजाम दिया है जो इन रास्तों से पूरी तरह वाकिफ है। इसी सुराग के आधार पर पुलिस ने जांच का दायरा बढ़ाया। पूर्व चालक निकला मास्टरमाइंड जांच में खुलासा हुआ कि भुजपुरा इस्लामनगर मुल्लापड़ा निवासी सलमान एक महीने पहले ही मो. जाकिर की फैक्टरी से ड्राइवर की नौकरी छोड़कर गया था। नौकरी छोड़ने के बाद से ही वह इस वारदात की योजना बना रहा था। उसे कारोबारी के आने-जाने के समय और फैक्टरी की अंदरूनी गतिविधियों की पूरी जानकारी थी। सलमान ने इस साजिश में अपने अन्य सहयोगियों धर्मेंद्र उर्फ बंटी, मिंटू, करन निवासी पला रोड और जवां के रामअवतार को भी शामिल कर लिया था। 10 अगस्त को घटना के वक्त बंटी, करन और रामअवतार फैक्टरी के अंदर घुसे थे, जबकि मुख्य साजिशकर्ता सलमान और मिंटू बाहर गलियों के मोड़ों पर खड़े होकर रेकी कर रहे थे। घटना को अंजाम देने के बाद सभी ने लूटी गई रकम आपस में बराबर एक-एक लाख रुपये बांट ली थी, जिसमें से कुछ पैसे वे खर्च भी कर चुके हैं।

**200 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगाले**

इस खुलासे तक पहुंचने के लिए पुलिस ने 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरे चेक किए। घटना वाले दिन फैक्टरी में काम कर रहे स्टाफ के मोबाइलों की डिटेल ली गई। सरगना सलमान के साथ उसके सहयोगियों के बीच हुई बातचीत और घटना वाले दिन की कॉल डिटेल ली गई। इसके बाद एक के बाद एक कड़ियां जुड़ती गईं। लूट की रकम को आरोपियों ने खाने पीने में खर्च कर दिया।

**गोवा जाने की थी योजना**

गिरफ्तार किए गए आरोपियों की योजना थी कि लूट की रकम को बांटने के बाद वह गोवा घूमने जाएंगे। इसके लिए योजना बनाई गई कि मामला कुछ ठंडा पड़ जाए इसके बाद चले जाएंगे। सरगना सलमान का मानना था कि इस तरह अचानक मोहल्ले से गायब होने पर शक हो सकता है।

## Good News: अलीगढ़ में बनेगा इंटरनेशनल स्टेडियम, जहां होंगे आईपीएल जैसे बड़े मैच, बनेंगी दो बड़ी यूनिवर्सिटी



एडीए वीसी ने बताया कि इस स्टेडियम का निर्माण पीपीपी की तर्ज पर होगा। इसके साथ ही योजना के सेक्टर 10 में एजुकेशन सिटी और मेडिसिटी बसाया जाना प्रस्तावित है। इन दोनों योजनाओं के लिए 85 एकड़ भूमि आरक्षित की गई है। जहां पर दो निजी विवि और छह कॉलेज पीपीपी मॉडल पर बनाए जाएंगे। 25 और 40 एकड़ में दो निजी विवि बनेंगे। अलीगढ़-पलवल हाईवे पर बसाई जा रही ग्रेटर अलीगढ़ योजना में अंतरराष्ट्रीय स्तर का भव्य स्टेडियम बनेगा, जहां आईपीएल जैसे बड़े आयोजन हो सकेंगे। 55 एकड़ भूमि में बनने वाले इस स्टेडियम में 35 हजार दर्शक खेलों का आनंद ले सकेंगे। यहां पर बॉलीवाल, बैडमिंटन और स्वीमिंग पूल भी बनेगा। इसके लिए स्पोर्ट अथारिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के मानकों का पालन किया जा रहा है। अलीगढ़ विकास प्राधिकरण (एडीए) की 91वीं बोर्ड बैठक में ग्रेटर अलीगढ़ योजना के सेक्टर 1,2,3,7,8,9 और 10 के लेआउट को मंजूर कर दिया गया। सेक्टर 4, 5 और 6 का नियोजन एवं भूमि अर्जन अभी प्रक्रिया में है, इसका लेआउट बाद में मंजूर होगा। इस योजना में कुल 10 सेक्टर हैं। मंडलायुक्त संगीता सिंह की अध्यक्षता, जिलाधिकारी अविनाश कुमार, नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा और एडीए वीसी कुलदीप मीणा की उपस्थिति में बोर्ड बैठक बृहस्पतिवार को कमिश्नरी सभागार में संपन्न हुई। एडीए वीसी ने बताया कि इस स्टेडियम का निर्माण पीपीपी की तर्ज पर होगा। इसके साथ ही योजना के सेक्टर 10 में एजुकेशन सिटी और मेडिसिटी बसाया जाना प्रस्तावित है। इन दोनों योजनाओं के लिए 85 एकड़ भूमि आरक्षित की गई है। जहां पर दो निजी विवि और छह कॉलेज पीपीपी मॉडल पर बनाए जाएंगे। 25 और 40 एकड़ में दो निजी विवि बनेंगे। मेडिसिटी में अस्पताल और अन्य सुविधाएं विकसित होंगी। इसी सेक्टर की 10 हेक्टेयर भूमि में 111 करोड़ की लागत से एडीए का जोनल कार्यालय और एडीए कर्मियों के लिए आवास भी बनाए जाएंगे। बिजली घर के निर्माण के लिए 12 एकड़ जमीन बिजली निगम को देने की सहमति बन गई है।

**98 एकड़ में बनेगी टाउनशिप और 1015 भूखंड दिए जाएंगे**

योजना के 98 एकड़ में इंटीग्रेटेड रेजीडेंशियल टाउनशिप बनाई जाएगी। इस योजना के सेक्टर 1, 2 और 3 में लॉटरी द्वारा 890 भूखंडों का आवंटन किया जाएगा। 125 भूखंड इन्हीं तीन सेक्टरों में नीलामी द्वारा दिए जाएंगे। इस तरह से कुल 1015 भूखंड आवंटित किए जाएंगे। इन आवासीय भूखंडों की अनुमानित दर लगभग 23 हजार रुपये प्रति वर्गमीटर है।

## Aligarh News: जलभराव और अधूरे निर्माण से भड़का गुस्सा, सड़क पर लगाया जाम

वार्ड नंबर-10 की धोबी वाली गली में अधूरे निर्माण और जलभराव से परेशान लोगों का गुस्सा बृहस्पतिवार फूट पड़ा। महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने दुबे का पड़ाव पर जाम लगाकर नगर निगम के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान करीब एक घंटे तक यातायात प्रभावित रहा। क्षेत्रवासियों के मुताबिक गली में करीब एक महीने से निर्माण कार्य चल रहा है, लेकिन इसे अधूरा छोड़ दिया गया है। जगह-जगह निर्माण सामग्री और मलबा पड़ा है। बारिश के बाद गली में जलभराव होने से आवागमन मुश्किल हो गया है। मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है। प्रदर्शन के दौरान एक महिला गोद में बच्चे को लेकर सड़क पर बैठी रही। परिजनों का कहना था कि बच्चे को डेंगू है। लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। ठेकेदार पर गंदगी हटाने के बजाय उसके ऊपर ही कंकड़ डालने का प्रयास करने का भी आरोप लगाया। इससे लोगों का आक्रोश बढ़ गया। बृहस्पतिवार सुबह करीब 11 बजे लोग दुबे का पड़ाव पर एकत्र हुए और अवरोधक लगाकर सड़क पर जाम लगा दिया। नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी की। क्षेत्रीय पार्षद के मौके पर नहीं पहुंचने को लेकर भी लोगों ने नाराजगी जताई। जाम की सूचना पर गांधीपार्क प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों तक मामला पहुंचाने का आश्वासन दिया। पुलिस के समझाने और कार्रवाई का भरोसा मिलने के बाद लोगों ने जाम खोल दिया। इसके बाद यातायात सामान्य हो सका।



क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी कि 24 घंटे में मलबा हटाकर जलभराव दूर नहीं किया गया और अधूरा निर्माण शुरू नहीं हुआ तो दोबारा सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे। दुबे का पड़ाव इलाके में निर्माण कार्य में देरी और इसे अधूरा छोड़ने के कारणों की जांच कराई जाएगी। लोगों से जुड़ी समस्याओं का जल्द और प्रभावी समाधान कराया जाएगा, ताकि किसी को परेशानी न हो।

# पनीर में मिलाया कपड़े धोने वाला वाइटनर:

## सफेदी ऐसी कि असली लगे, 300-400 किलो रोज हो रहा था सप्लाई, बड़ा खुलासा




पनीर को सफेद और ज्यादा वजनदार बनाने के लिए कपड़े धोने में इस्तेमाल होने वाला वाइटनर, पामोलीन ऑयल, दूध पाउडर और कई हानिकारक केमिकल मिलाए जा रहे थे। हर दिन करीब 300 से 400 किलो पनीर त्योहारों के सीजन में तैयार कर बाजार में भेजा जा रहा था। आरोपी गाजियाबाद के साथ दिल्ली, फरीदाबाद, गुरुग्राम, बुलंदशहर, गौतमबुद्धनगर और हापुड़ में केमिकल से तैयार पनीर की सप्लाई कर रहे थे। बाजार से रुपये बचाने के चक्कर में सस्ता पनीर खरीदना अब आपकी सेहत पर भारी पड़ सकता है। गाजियाबाद जिले के भोजपुर थाना क्षेत्र के नाहली गांव में पनीर तैयार करने वाली तीन फैक्टरियों पर खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी में बड़े पैमाने पर मिलावट का खुलासा हुआ है। यहां पनीर को सफेद और ज्यादा वजनदार बनाने के लिए कपड़े धोने में इस्तेमाल होने वाला वाइटनर, पामोलीन ऑयल, दूध पाउडर और कई हानिकारक केमिकल मिलाए जा रहे थे।खाद्य विभाग की टीम ने बुधवार रात कार्रवाई करते हुए तीनों फैक्टरियों से 868 किलो पनीर और 170 किलो खोया मौके पर ही नष्ट कराया। साथ ही वहां से विभिन्न केमिकल समेत 20 नमूने जांच के लिए लखनऊ लैब भेजे गए हैं।सहायक आयुक्त खाद्य-2 सुरेश कुमार मिश्रा ने बताया कि लोगों की सेहत से खिलवाड़ करने के मामले में नाहली निवासी फैक्टरी संचालकों कलवा, सकील और कफील के खिलाफ भोजपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। आरोपियों पर बीएनएस की धारा 123 (जहरीला या विषैला पदार्थ देना), 275 (हानिकारक भोजन की बिक्री) समेत अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है। लखनऊ से नमूनों की जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस भी मामले की जांच कर रही है।

**सामान्य जांच में पकड़ना मुश्किल**

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशुतोष राय ने बताया कि जिन तीन फैक्टरियों पर कार्रवाई की गई है, वहां पनीर तैयार करने में प्रयोग होने वाले कुछ केमिकल आरोपी खुद ही तैयार कर रहे थे। इसमें शरीर को नुकसान पहुंचाने वाले कई रसायन मिलाए जा रहे थे। उन्होंने बताया कि इन केमिकल के प्रयोग के बाद सामान्य घरेलू तरीकों से नकली पनीर को पहचानना भी मुश्किल हो जाता है। दिखने और स्वाद में यह असली पनीर जैसा ही लगता है।

**त्योहारों पर बढ़ा दी थी सप्लाई**

पूछताछ में सामने आया कि तीनों फैक्टरियों से हर दिन करीब 300 से 400 किलो पनीर त्योहारों के सीजन में तैयार कर बाजार में भेजा जा रहा था। आरोपी गाजियाबाद के साथ दिल्ली, फरीदाबाद, गुरुग्राम, बुलंदशहर, गौतमबुद्धनगर और हापुड़ में केमिकल से तैयार पनीर की सप्लाई कर रहे थे। यह पनीर बाजार में लोगों को 200 से 250 रुपये प्रति किलो में मिल जाता था। सस्ता होने के चलते दुकानदार और आम लोग इसे खरीद लेते थे। खाद्य विभाग का कहना है कि आने वाले त्योहारों को देखते हुए नकली पनीर की मांग बढ़ने पर इन्होंने उत्पादन भी बढ़ा दिया था।

**मस्तिष्क, यकृत, गुर्दे पर पड़ेगा असर**

एमएमजी अस्पताल के वरिष्ठ निश्चेतक डॉ. चरन सिंह का कहना है कि वाइटनर या फ्लूड से निकलने वाली वाष्प और रसायन शरीर के लिए बेहद खतरनाक हैं। ये सांस के जरिए शरीर में प्रवेश कर फेफड़ों के माध्यम से तेजी से रक्तप्रवाह में पहुंचते हैं और केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करते हैं। इसके लंबे समय तक सेवन से चक्कर आना, समन्वय में कमी, बेहोशी, लीवर और किडनी फेल जैसी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। अन्य रसायन, जैसे एरोसोल स्प्रे या नाइट्राइट, रक्त वाहिकाओं को फैला सकते हैं, जिससे हृदय गति बढ़ना और हृदय संबंधी जोखिम बढ़ जाते हैं। बच्चों और बुजुर्गों पर इसका असर सबसे ज्यादा होता है।

# UP: जज ने पूछा- बताओ क्या सजा दें,

## बेटी रोते हुए बोली- मम्मी को दे दो फांसी, मुझे कोई लगाव नहीं




अवैध संबंधों में पति सुरेश की हत्या के लिए पत्नी बीना और प्रेमी मनोज को आजीवन कारावास, 35,000 रुपये जुर्माने की सजा मिली है। बेटी रोशनी ने दोषियों को फांसी देने की मांग की।अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय तोष कुमार शर्मा ने अवैध संबंधों के चलते पति सुरेश की हत्या करवाने वाली पत्नी बीना और उसके प्रेमी मनोज को आजीवन कारावास और 35,000 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है।सजा सुनाए जाने से पहले अपर सत्र न्यायाधीश तोष कुमार शर्मा ने अदालत कक्ष में मौजूद मृतक की छोटी बेटी रोशनी से पूछा कि वह क्या चाहती है। इस पर मासूम बेटी फूट-फूटकर रो पड़ी और कहा जज अंकल मुझे मम्मी से कोई लगाव नहीं है। इसने मेरे पापा को मारा है, इसे फांसी दे दो।बेटी के इन दर्दनाक और झकझोर देने वाले शब्दों ने अदालत में मौजूद हर शख्स की आंखें नम कर दीं। इसके बाद न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर कड़ा रुख अपनाते हुए दोनों दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई। पूरे मुकदमे में बड़े बेटे 15 वर्षीय नीतेश की गवाही सबसे अहम साबित रही, जो इस घटना का चश्मदीद गवाह रहा। रोशनी उसकी सबसे छोटी बहन है। छोटा भाई पुनीत है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार, यह घटना 10 जुलाई 2025 को सुबह करीब 08:30 बजे की है। थाना बरला क्षेत्र के कस्बा स्थित मोहल्ला कोठी आंबेडकर स्कूल के पास निवासी विजय सिंह अपने भाई सुरेश के घर के बाहर बैठे थे, जबकि सुरेश की पत्नी बीना घर के दरवाजे पर खड़ी हुई थी।उसी दौरान मोहल्ले का ही रहने वाला युवक मनोज वहां आया। बीना ने मनोज से कहा, देख क्या रहा है, आज इसे जिंदा मत छोड़ना, गोली मार दे। इसके बाद मनोज ने अपनी कमर से तमंचा निकाला और सुरेश के सीने में गोली दाग दी, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।जब मृतक के भाई विजय सिंह अपने भाई को बचाने दौड़े, तो मनोज ने जान से लेने की नीयत से उन पर भी दूसरा फायर झोंक दिया। गोली उनके कान के पास से निकलकर दीवार में जा धंसी, जिसके बारूद से वादी का चेहरा बुरी तरह झुलस गया। पुलिस ने हत्या और अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर बीना और मनोज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था और बाद में न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया। फैसले के तहत वसूले जाने वाले कुल 35,000 रुपये के अर्थदंड में से आधी धनराशि मृतक के बच्चों को दी जाएगी तथा शेष आधी धनराशि राज्य कोष में जमा की जाएगी

# UP: बागपत में हत्या कर दो दोस्तों के शव मंदिर परिसर में गाड़े, 25 जुलाई से दोनों थे लापता, महंत हुआ फरार




सिगोली तगा के इसरार और अंकित 25 जुलाई से लापता थे। उनके शव 13 अगस्त को लहचौड़ा के गणेश मंदिर में गड़े मिले। आरोपी महंत नरेश नाथ फरार है, दो शिष्य हिरासत में हैं।यूपी के बागपत जिले से हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां सिगोली तगा में 25 जुलाई से लापता दो दोस्तों की हत्या कर शव लहचौड़ा के मंदिर में गड़े मिले है। पुलिस नें रात्रि में दोनों शवों को बाहर निकाल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हत्या का आरोपी पुजारी फरार बताया गया, जबकि उसके दो शिष्यों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। हत्या की सूचना पर परिजनों का रो-रो बुरा हाल है। वहीं मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है।सिगोली तगा निवासी 28 वर्षीय इसरार पुत्र रिड़कू व गांव का ही 28 वर्षीय दिव्यांग अंकित पुत्र मुकेश दोनों दोस्त थे। 25 जुलाई को दोनों घर से बाहर बाइक द्वारा घूमने निकले थे, लेकिन शाम तक जब वापस नहीं आये तो परिजनों नें तलाश की, लेकिन उनका कुछ पता नहीं चल पाया तो परिजनों नें 27 जुलाई को थाना चांदीनगर में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। तभी से पुलिस तलाश में जुटी थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस नें लहचौड़ा के गणेश मंदिर जो रटौल मार्ग पर स्थित है। वहां के महंत नरेश नाथ से पूछताछ करनी चाहिए तो वह फरार मिला।

पुलिस नें शक के आधार पर उसके दो शिष्यों को हिरासत में ले लिया तो 13 अगस्त की रात्रि तीन बजे पुलिस ने लहचौड़ा के गणेश मंदिर प्रांगण से गड्ढे में हत्या कर दबाए गए शवों को बरामद किया। मृतकों के परिजनों को भी सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शवों का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए बागपत भेज दिया है। वहीं जांच अधिकारी चांदीनगर राकेश कुमार नें बताया की लापता युवकों के शव बरामद कर लिए गए हैं। आरोपी महंत फरार है। जबकि उसके दो शिष्यों को गिरफ्तार किया गया है। उधर सिगोली तगा में दो हत्या की सूचना पर शोक की लहर है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# Delhi Traffic Advisory

## स्वतंत्रता दिवस समारोह के चलते कल तड़के कई मार्ग बंद, इन सड़कों से बचें; ये हैं विकल्प

15 अगस्त को सुबह 4 बजे से सुबह 10 तक सामान्य यातायात के लिए कई रास्ते बंद रहेंगे। केवल विशिष्ट लेबल वाले वाहन ही इन सड़कों पर प्रवेश कर पाएंगे।15 अगस्त 2026 को लाल किले में होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करेंगे, जिसके कारण सार्वजनिक सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 15 अगस्त को लाल किले के आसपास के क्षेत्रों में यातायात संबंधी पाबंदियां लागू की जाएंगी। दिल्ली यातायात पुलिस ने लोगों को लालकिले के आसपास रास्तों से बचने की सलाह दी है।

**15 अगस्त को ये मार्ग बंद रहेंगे**

15 अगस्त को सुबह 4 बजे से सुबह 10 तक सामान्य यातायात के लिए कई रास्ते बंद रहेंगे। केवल विशिष्ट लेबल वाले वाहन ही इन सड़कों पर प्रवेश कर पाएंगे। ये मार्ग हैं-नेताजी सुभाष मार्ग (दिल्ली गेट से छत्ता रेल चौक तक), लोथियन रोड (जीपीओ दिल्ली से छत्ता रेल चौक तक), एस.पी. मुखर्जी मार्ग (एच.सी. सेन मार्ग से यमुना बाजार चौक तक),चांदनी चौक रोड (फव्वारा चौक से लाल किला तक), निषाद राज मार्ग (रिंग रोड से नेताजी सुभाष मार्ग तक), एस्प्लेनेड रोड और इसका लिंक रोड (नेताजी सुभाष मार्ग तक) और रिंग रोड (राज घाट से आईएसबीटी तक)।




**इन सड़कों से बचने की सलाह**

दिल्ली यातायात पुलिस की उत्तरी रेंज के पुलिस उपायुक्त निशांत गुप्ता ने बताया कि जिन वाहनों के पास रिहर्सल के लिए पार्किंग लेबल नहीं हैं, उन्हें सुबह 4 बजे से सुबह 10 बजे तक सी-हेक्सागन इंडिया गेट, कॉपरनिकस मार्ग, मंडी हाउस, सिकंदरा रोड, डब्ल्यू पॉइंट, ए-पॉइंट तिलक मार्ग, मथुरा रोड, बीएसजेड मार्ग, नेताजी सुभाष मार्ग, जे.एल. नेहरू मार्ग, निजामुद्दीन खट्टा और आईएसबीटी कश्मीरी गेट के बीच रिंग रोड, और निजामुद्दीन खट्टा और आईएसबीटी कश्मीरी गेट से सालिगढ़ बाईपास तक आउटर रिंग रोड आदि रास्तों से बचने की सलाह दी है।

यातायात की सुविधा के लिए, विभिन्न दिशाओं से आने वाले वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्गों का सुझाव दिया गया है।

**वैकल्पिक 1-** अरविंदो मार्ग-सफदरजंग रोड-कमाल अतातुर्क मार्ग-कौटिल्य मार्ग-एस मार्ग-11 मूर्ति-मदर टेरेसा क्रिसेंट-पार्क स्ट्रीट-मंदिर मार्ग-पंचकुईंया रोड-रानी झांसी रोड और उत्तर दिल्ली में अपने गंतव्य तक पहुंचें और इसके विपरीत।

# बरेली में हादसा: नाबालिग चला रहा था स्कूल बस, अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई, 13 बच्चे घायल



भोजीपुरा में शुक्रवार सुबह निजी स्कूल की बस अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसा होते ही बस में चीख-पुकार मच गई। हादसे में 13 छात्र घायल हुए हैं। आरोप है कि नाबालिग स्कूल बस चला रहा था बरेली के भोजीपुरा कस्बे के न्यू इंग्लैंड डिकोनस स्कूल की बस जटऊ पट्टी गांव के समीप लिंक मार्ग पर अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। बस में कुल 31 बच्चे सवार थे, जिनमें से 13 बच्चे घायल हो गए। शुक्रवार सुबह तकरीबन 6:30 बजे हुई इस दुर्घटना के बाद हड़कंप मच गया। आनन-फानन सभी घायल बच्चों को इलाज के लिए राममूर्ति मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि स्कूल बस का चालक नाबालिग है।

**स्कूल प्रबंधन पर लगाए आरोप**

हादसे की खबर मिलते ही अभिभावक मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। अभिभावकों ने स्कूल प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। परिजनों का आरोप है कि एक नाबालिग स्कूल की खस्ताहाल बस को चला रहा था, जिससे यह हादसा हुआ। एक अभिभावक ने बताया कि उन्होंने कई बार स्कूल प्रबंधन से बस बदलने और नाबालिग चालक को हटाने की शिकायत की थी, लेकिन स्कूल प्रबंधन ने हर बार उनकी शिकायतों को अनसुना कर दिया।

**परिजनों ने की कार्रवाई की मांग**

इस मनमानी का खमियाजा आज मासूम बच्चों को भुगतना पड़ा है। घटना के बाद से इलाके के लोगों और अभिभावकों में स्कूल प्रबंधन के खिलाफ भारी गुस्सा है। परिजनों ने मांग की है कि स्कूल प्रबंधन के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए,

# Tunnel Landslide: घायल मजदूरों ने बताया

## भयावह मंजर; सब बचाओ-बचाओ चिल्ला रहे थे, ऑक्सीजन कम थी, हम बहकर आ गए

**Chamoli Tunnel Landslide News: हादसे** के दौरान करीब 16-17 लोग एक जगह पर थे। जबकि बिजली ऑपरेटर, प्लंबर के साथ ही कुछ अन्य लोग भी वहां मौजूद थे। जैसे ही सैलाब आया तो सभी बचाओ-बचाओ चिल्लाने लगे।टीएचडीसी की टीआर टनल से बचकर बाहर आए घायल मजदूर सदमे में हैं। टनल में अचानक ऑक्सीजन लेवल कम होने से मजदूरों की सांस फूल रही थी। कांपते शब्दों में उन्होंने बताया कि जिस जगह पर भूस्खलन हुआ, वहां बुधवार को मिट्टी खिसक गई थी। इसके धंसने की आशंका थी। यह टनल दुर्गापुर से सियासैंण तक करीब तीन किलोमीटर तक निर्मित हो रही है। हादसा करीब डेढ़ किमी पर हुआ है।बताया जा रहा है कि हादसे के दौरान करीब 16-17 लोग एक जगह पर थे। जबकि बिजली ऑपरेटर, प्लंबर के साथ ही कुछ अन्य लोग भी वहां मौजूद थे। एक घायल ने बताया कि वे कीचड़ में आधा हिस्से तक फंस गए थे, जैसे-तैसे जान बची। हादसे में घायल छत्तीसगढ़ निवासी सुनील दीवान ने जिला अस्पताल में बताया कि वे टनल के अंदर सरिया से सेटरिंग बना रहे थे।




एक साथ वे करीब 17 लोग थे।अचानक करीब 150 मीटर दूर तेज आवाज के साथ भारी भूस्खलन हुआ और मलबा, पानी व पत्थर तेज गति से टनल के अंदर घुस आए। इसके धक्के से कई लोग दूर जा गिरे, जबकि कुछ लोग मलबे में दब गए।हम मलबे के धक्के से टनल के बाहर की ओर आ गए। मजदूर बचाओ-बचाओ चिल्ला रहे थे। टनल में कई जगह से मलबा आने से ऑक्सीजन लेवल बेहद कम हो गया था। कुछ लोग दम घुटने के कारण मलबे में आगे चल नहीं पा रहे थे। शुक्र है समय पर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू हो गया।





ओडिशा निवासी जगेश्वर ने बताया कि वह टनल से निकलने वाले पानी को पंप के जरिये बाहर भेजने का काम करता है। शाम करीब 6:10 बजे अचानक तेज आवाज सुनाई दी, जो बेहद भयावह थी।

## CJP: 'अगर सारे लीगल कॉकरोच एक साथ आ जाएं तो क्या होगा?', मुख्य न्यायाधीश-नालसर विवाद के बीच बोले अभिजीत दीपके




कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने बीसीआई-नालसर विवाद के बीच फिर 'लीगल कॉकरोच' का नारा उठाया है। इसके साथ ही उन्होंने बीसीआई अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा के इस्तीफे और परिषद की जवाबदेही की मांग की। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके ने अपने व्यंग्यात्मक आंदोलन को शुरू करने वाले नारे को फिर से उठाया है। इस बार उन्होंने बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) और नालसर विधि विश्वविद्यालय के बीच चल रहे विवाद को निशाना बनाया है।

**क्या है पूरा मामला?**

दरअसल, गुरुवार को बीसीआई ने राज्य बार परिषदों को निर्देश दिया कि वे नालसर 2026 के किसी भी स्नातक को दाखिला न दें, क्योंकि छात्रों ने विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किए जाने का विरोध किया था। हालांकि कुछ घंटों बाद परिषद ने पूर्ण नामांकन प्रतिबंध वापस ले लिया।बीसीआई के विधि स्नातकों को अधिवक्ताओं के रूप में भर्ती करने पर रोक लगाने के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए दीपके ने एक्स पर पोस्ट किया। 'क्या होगा अगर सारे लीगल कॉकरोच एक साथ आ जाएं?'

**दीपके ने एक्स पर क्या लिखा?**

बीसीआई-एनएएलएसएआर विवाद में एक बार फिर मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत के शामिल होने के साथ, ऐसा लगता है कि दीपके उसी रूपक पर लौट आए हैं। दीपके ने बीसीआई अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा के इस्तीफे की मांग को लेकर संभावित अभियान की ओर भी इशारा किया। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'मनन मिश्रा के इस्तीफे का समय आ गया है ?'

**सौरभ दास ने क्या प्रतिक्रिया दी?**

संस्थापक के पोस्ट पर सीजेपी के मुख्य प्रवक्ता सौरभ दास ने भी प्रतिक्रिया दी । उन्होंने कहा, 'बहुत जरूरी है।' दास ने एक्स पर लिखा, 'बार काउंसिल ऑफ इंडिया की जांच होनी चाहिए। मनन मिश्रा 2012 से इसके अध्यक्ष हैं। उन्होंने क्या किया है? उन्हें जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। सभी कानूनी भ्रष्टाचारियों, आपका काम तय है। आइए बीसीआई की जवाबदेही तय करें। आइए मिश्रा की जवाबदेही तय करें।' बता दें कि दीपके ने अपने पोस्ट में आंदोलन की उत्पत्ति का जिक्र है। यह आंदोलन मई में तब शुरू हुआ जब मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने एक सुनवाई के दौरान देश के युवाओं को कॉकरोच कहा था। उस समय अमेरिका में रह रहे दीपके ने ऑनलाइन एक सवाल पूछा 'क्या होगा अगर सारे कॉकरोच एक साथ आ जाएं?' बाद में यह पोस्ट कॉकरोच जनता पार्टी में बदल हो गई , जो एक व्यंग्यात्मक युवा आंदोलन था।

**मुख्य न्यायाधीश को कहा था धन्यवाद**

दीपके ने इससे पहले आंदोलन को प्रेरित करने वाली टिप्पणी के लिए मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत को सार्वजनिक रूप से धन्यवाद दिया था । जंतर-मंतर पर एक विरोध प्रदर्शन में उन्होंने कहा था कि अगर उन्हें कॉकरोच न कहा गया होता तो वे न तो भारत लौटते और न ही यह अभियान शुरू करते।

## स्वतंत्रता दिवस पर जांबाजों का सम्मान: 301 को वीरता पदक; 92 को राष्ट्रपति पदक, 664 को सराहनीय सेवा सम्मान

**गृह मंत्रालय के अनुसार, स्वतंत्रता दिवस 2026 के मौके पर पुलिस, फायर, होम गार्ड एवं सिविल डिफेंस और सुधार सेवाओं के कुल 1,057 कर्मियों को वीरता और सेवा पदकों से सम्मानित किया गया है। 301 वीरता पदकों में से सबसे अधिक पुरस्कार उन कर्मियों को दिए गए हैं, जिन्होंने वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में काम किया।**




स्वतंत्रता दिवस 2026 के अवसर पर पुलिस, फायर, होम गार्ड एवं सिविल डिफेंस और सुधार सेवाओं के 1,057 कर्मियों को वीरता और सेवा पदकों से सम्मानित किया गया। इनमें 301 वीरता पदक, 92 राष्ट्रपति पदक और 664 सराहनीय सेवा पदक शामिल हैं। वीरता पदकों में वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों के 197 कर्मियों को सबसे अधिक सम्मान मिला।

**301 कर्मियों को वीरता पदक**

गृह मंत्रालय के मुताबिक, 301 वीरता पदकों में से सबसे अधिक पुरस्कार उन कर्मियों को दिए गए हैं, जिन्होंने वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में अदम्य साहस का परिचय दिया। इनमें ऐसे 197 कर्मी शामिल हैं। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर क्षेत्र के 51, पूर्वोत्तर के 12 और देश के अन्य हिस्सों के 41 कर्मियों को वीरता पदक प्रदान किए गए हैं।

**पुलिस और फायर सर्विस के जवान भी शामिल**

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को कहा कि इस स्वतंत्रता दिवस पर पुलिस और फायर सर्विस के कर्मियों को कुल 301 वीरता पदक दिए गए हैं। इनमें 272 पुलिस कर्मी और 29 फायर सर्विस कर्मी शामिल हैं।

**असाधारण बहादुरी के लिए मिलता है वीरता पदक**

सरकार की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि वीरता पदक जीवन और संपत्ति की रक्षा करने, अपराध को रोकने या अपराधियों को पकड़ने में दिखाई गई असाधारण बहादुरी के लिए दिया जाता है। इसके लिए संबंधित अधिकारी के दायित्वों और कर्तव्यों को ध्यान में रखते हुए उनके द्वारा उठाए गए जोखिम का भी आकलन किया जाता है।

**वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों के 197 कर्मियों को सम्मान**

गृह मंत्रालय ने बताया कि 301 वीरता पुरस्कारों में सबसे बड़ी संख्या वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में तैनात कर्मियों की है। ऐसे 197 कर्मियों को उनके साहसिक कार्यों के लिए सम्मानित किया गया है। वहीं, जम्मू-कश्मीर में बहादुरी दिखाने वाले 51 कर्मियों, पूर्वोत्तर के 12 कर्मियों और अन्य क्षेत्रों के 41 कर्मियों को भी वीरता पदक मिला है।

**92 कर्मियों को राष्ट्रपति पदक**

केंद्र सरकार ने 92 पुलिस कर्मियों को 'विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक' देने की भी घोषणा की है। गृह मंत्रालय के अनुसार, इन 92 पदकों में 83 पुलिस सेवा, 4 अग्निशमन सेवा, 3 सिविल डिफेंस और होम गार्ड सेवा तथा 2 सुधारात्मक सेवा के कर्मियों को दिए गए हैं।

**उत्कृष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक**

'विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक' ऐसे कर्मियों को प्रदान किया जाता है, जिनका सेवा रिकॉर्ड विशेष और उत्कृष्ट रहा हो। यह सम्मान उनकी लंबे समय की विशिष्ट और उल्लेखनीय सेवा को मान्यता देता है।

**664 कर्मियों को सराहनीय सेवा पदक**

सरकार ने 'सराहनीय सेवा पदक' के तहत कुल 664 पदक प्रदान किए हैं। इनमें 606 पुलिस कर्मी, 28 अग्निशमन सेवा कर्मी, 18 सिविल डिफेंस एवं होम गार्ड सेवा कर्मी और 12 सुधारात्मक सेवा के कर्मी शामिल हैं।

**कर्तव्य के प्रति समर्पण को सम्मान**

सरकार के अनुसार, 'सराहनीय सेवा पदक' ऐसी बहुमूल्य सेवा के लिए दिया जाता है, जिसमें कर्मी की सूझ-बूझ, कर्तव्यनिष्ठा और अपने दायित्वों के प्रति समर्पण स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिए गए ये पदक सुरक्षा और आपात सेवाओं से जुड़े कर्मियों की उल्लेखनीय भूमिका को सम्मानित करते हैं।

## Tunnel Landslide: घायल मजदूरों ने बताया भयावह मंजर; सब बचाओ-बचाओ चिल्ला रहे थे, ऑक्सीजन कम थी, हम बहकर आ गए

Chamoli Tunnel Landslide News: हादसे के दौरान करीब 16-17 लोग एक जगह पर थे। जबकि बिजली ऑपरेटर, प्लंबर के साथ ही कुछ अन्य लोग भी वहां मौजूद थे। जैसे ही सैलाब आया तो सभी बचाओ-बचाओ चिल्लाने लगे। टीएचडीसी की टीआर टनल से बचकर बाहर आए घायल मजदूर सदमे में हैं। टनल में अचानक ऑक्सीजन लेवल कम होने से मजदूरों की सांस फूल रही थी। कांपते शब्दों में उन्होंने बताया कि जिस जगह पर भूस्खलन हुआ, वहां बुधवार को मिट्टी खिसक गई थी। इसके धंसने की आशंका थी। यह टनल दुर्गापुर से सियासैंण तक करीब तीन किलोमीटर तक निर्मित हो रही है। हादसा करीब डेढ़ किमी पर हुआ है। बताया जा रहा है कि हादसे के दौरान करीब 16-17 लोग एक जगह पर थे। जबकि बिजली ऑपरेटर, प्लंबर के साथ ही कुछ अन्य लोग भी वहां मौजूद थे। एक घायल ने बताया कि वे कीचड़ में आधा हिस्से तक फंस गए थे, जैसे-तैसे जान बची। हादसे में घायल छत्तीसगढ़ निवासी सुनील दीवान ने जिला अस्पताल में बताया कि वे टनल के अंदर सरिया से सेटरिंग बना रहे थे। वहां पर वे करीब 17 लोग थे। अचानक करीब 150 मीटर दूर तेज आवाज के साथ भारी भूस्खलन हुआ और मलबा, पानी व पत्थर तेज गति से टनल के अंदर घुस आए। इसके धक्के से कई लोग दूर जा गिरे, जबकि कुछ लोग मलबे में दब गए। हम मलबे के धक्के से टनल के बाहर की ओर आ गए। मजदूर बचाओ-बचाओ चिल्ला रहे थे। टनल में कई जगह से मलबा आने से ऑक्सीजन लेवल बेहद कम हो गया था। कुछ लोग दम घुटने के कारण मलबे में आगे चल नहीं पा रहे थे। शुक्र है समय पर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू हो गया। ओडिशा निवासी जगेश्वर ने बताया कि वह टनल से निकलने वाले पानी को पंप के जरिये बाहर भेजने का काम करता है। शाम करीब 6:10 बजे अचानक तेज आवाज सुनाई दी, जो बेहद भयावह थी। इसी दौरान टनल की बिजली भी गुल हो गई। हादसे के समय वह घटनास्थल से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर था। टनल में तेज आवाज सुनी तो किसी अनहोनी की आशंका हुई। अन्य लोगों को इसकी जानकारी दी।




## Tariff: 'चीन को अमेरिकी टैरिफ से बचने में मदद कर रहे भारत समेत 40 देश', अमेरिका ने लगाया गंभीर आरोप




ट्रंप प्रशासन की रिपोर्ट में भारत समेत 40 से अधिक देशों को चीन की टैरिफ चोरी में संभावित भूमिका का आरोप लगाया है। ट्रंप प्रशासन का कहना है कि चीन तीसरे देशों के जरिए माल की पहचान बदलकर अमेरिकी शुल्क से बचता है। आईए जानतें हैं अमेरिका इससे बचने के लिए क्या करने वाला है? डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने भारत, कनाडा और यूरोपीय संघ समेत अमेरिका के 40 से ज्यादा व्यापारिक साझेदारों की पहचान की है। इन पर आरोप है कि वे एक 'शैडो ट्रांस-शिपमेंट नेटवर्क' यानी कि अवैध माल ढुलाई नेटवर्क चलाकर चीन को टैरिफ से बचने में मदद कर सकते हैं, जिससे जोखिम पैदा हो सकता है। अमेरिका ने ऐसी गैर-कानूनी गतिविधियों का पता लगाने और उन पर जुर्माना लगाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल करने का संकल्प लिया है।

**यह 40 देश ही क्यों?**

रिपोर्ट में 40 से ज्यादा ऐसे देशों का जिक्र किया गया है, जहां गैर-कानूनी ट्रांसशिपमेंट का जोखिम ज्यादा है। इसमें कहा गया है कि कुछ अर्थव्यवस्थाओं के लिए, ट्रांसशिपमेंट का जोखिम बड़े पैमाने पर होने वाले वैध व्यापार का ही एक हिस्सा बन गया है। कुछ अन्य देश चीन से जुड़ी सप्लाई चेन से ज्यादा जुड़े हुए पाए गए। वहीं, एक तीसरे समूह को अमेरिका तक खास पहुंच जैसे फायदे हासिल थे, जो उन्हें सामान का रूट बदलने के लिए आकर्षक और सुविधाजनक लक्ष्य बनाते हैं।

**चीन इन देशों का इस्तेमाल क्यों करता था?**

नवारो ने रिपोर्ट में कहा, 'चीन ने इन तीसरे देशों का इस्तेमाल मामूली प्रोसेसिंग, री-लेबलिंग, री-पैकेजिंग, री-इनवॉइसिंग या रूटिंग में बदलाव के लिए करना शुरू कर दिया, जिससे ऐसा लगता था कि सामान किसी नए देश का है, जबकि असल में उसमें चीनी सामग्री वैसी ही बनी रहती थी।' उन्होंने कहा कि टैरिफ से बचने के लिए, चीन और उसकी सरकारी मदद वाली मैन्युफैक्चरिंग और ट्रेडिंग कंपनियां ऐसे इलाकों में सामान भेज सकते हैं जहां सस्ता लेबर हो, कस्टम्स की निगरानी कम हो, फ्री जोन में ढील हो, या जिन्हें अमेरिका के साथ व्यापार में खास सुविधाएं मिलती हों।

**इससे बचने के लिए क्या कर रहा है अमेरिका?**

नवारो की रिपोर्ट के अनुसार, व्हाइट हाउस यूएस कस्टम्स और बॉर्डर प्रोटेक्शन के साथ मिलकर एआई-आधारित डिटेक्टिव बॉर्डर पर काम कर रहा है। इसका मकसद यह पता लगाना है कि क्या किसी शिपमेंट में ट्रांसशिप्ड सामान (एक जगह से दूसरी जगह ले जाया गया सामान) शामिल है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह सिस्टम शिपमेंट डेटा, रूटिंग हिस्ट्री और दूसरे टूल्स जैसी जानकारी का इस्तेमाल करेगा।

**क्या है द ग्रेट ट्रांसशिपमेंट स्कैम?**

'द ग्रेट ट्रांसशिपमेंट स्कैम' नाम की व्हाइट हाउस की रिपोर्ट में 'गैर-कानूनी ट्रांसशिपमेंट' से जुड़ी लंबे समय से चली आ रही चिंता की आलोचना की गई है। इसमें बताया गया है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से लगाए गए ऊंचे शुल्क से बचने के लिए सामान को किसी ऐसे तीसरे देश के रास्ते भेजा जा सकता है, जहां अमेरिका का टैरिफ कम हो। रिपोर्ट में बताए गए अन्य देशों में ताइवान, मैक्सिको, जापान, दक्षिण कोरिया और वियतनाम शामिल हैं।

**रिपोर्ट में क्या बताया गया है?**

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मुख्य व्यापार सलाहकार पीटर नवारो की रिपोर्ट में कहा गया है कि 2018 के बाद ट्रांसशिपमेंट (एक देश से दूसरे देश के रास्ते सामान भेजना) ज्यादा होने लगा। यह तब हुआ जब ट्रंप प्रशासन ने अनुचित व्यापार तौर-तरीकों का मुकाबला करने के लिए चीन पर सेक्शन 301 के तहत टैरिफ लगाए। नवारो ने पत्रकारों से कहा, 'वर्षों से, इस बड़े ट्रांसशिपमेंट घोटाले की वजह से कम्युनिस्ट चीन 40 से ज्यादा देशों के जरिए अपने निर्यात को दूसरे देशों में भेजकर उन्हें अपना माल बताकर बेचता रहा है।'

## जापान में कुदरत का कहर: रातभर हुई रिकॉर्ड तोड़ बारिश, चार लोगों की मौत, 80 से ज्यादा घर डूबे




जापान के चिबा प्रांत में रिकॉर्ड तोड़ बारिश से बाढ़ के हालात बन गए। चार लोगों की मौत हुई, एक लापता है और हजारों लोग फंस गए। चिबा शहर में सिर्फ एक घंटे में 11.5 सेंटीमीटर बारिश हुई। वहीं, लोगों को सुरक्षित जगह जाने की सलाह दी गई। टोक्यो के पूर्व में स्थित शहरों में रात भर हुई रिकॉर्ड तोड़ बारिश ने सड़कों और दर्जनों घरों में पानी भर गया है। इसके कारण हजारों लोग फंसे रह गए, बिजली गुल हो गई और कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। वहीं, एक व्यक्ति लापता है। जापान मौसम एजेंसी ने चिबा प्रांत की एक दर्जन से ज्यादा नगरपालिकाओं में भारी बारिश के लिए जारी अपनी सबसे गंभीर चेतावनी का स्तर कम कर दिया है, क्योंकि शुक्रवार सुबह बारिश कम हो गई थी, लेकिन दिन में बाद में और बारिश का अनुमान है। दिन की रोशनी होने के बाद ली गई तस्वीरों और टेलीविजन फुटेज में व्यापक क्षति दिखाई दी, जिसमें घर, कारें और रेलवे ट्रैक के कुछ हिस्से कीचड़ भरे पानी से भर गए थे।

**ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स ने क्या बताया?**

ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स ने बताया कि उसने सोगा रेलवे स्टेशन पर रात भर रुके लगभग 4,000 फंसे हुए लोगों को लाने के लिए बसें भेजीं। सोगा रेलवे स्टेशन एक स्थानीय मार्ग है जो टोक्यो डिज्नी पार्क को भी जोड़ता है। थीम पार्क को किसी प्रकार की क्षति नहीं हुई है।

**अब तक कितने लोगों की हुई मौत?**

टोक्यो क्षेत्र की सेवा करने वाले नरिता हवाई अड्डे पर हजारों लोग फंस गए, क्योंकि उस क्षेत्र से जाने वाली ट्रेनें रोक दी गई थीं। सैकड़ों लोगों ने रात भर चिबा प्रांत के सरकारी भवन में शरण ली। प्रांत ने बताया कि चार लोग मृत पाए गए और एक व्यक्ति लापता है। मृतकों में इचिकावा शहर में बाढ़ग्रस्त सड़क पर तैरता हुआ मिला एक व्यक्ति और साकुरा शहर में बाढ़ग्रस्त कार में फंसी एक महिला शामिल हैं। काशिवा शहर में बाढ़ग्रस्त कार से निकाले गए एक अन्य व्यक्ति को मृत मान लिया गया है। चिबा के अधिकारियों ने बताया कि प्रांत में 80 से अधिक घर बाढ़ की चपेट में आ गए और प्रांत भर में लगभग 230,000 निवासियों को आश्रय लेने की सलाह दी गई।

# Niti Aayog: भारत को 2047 तक वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए केंद्रित रणनीति जरूरी, नीति आयोग ने की वकालत




नीति आयोग ने 2047 तक भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए एक केंद्रित रणनीति की आवश्यकता बताई है। रिपोर्ट में रसायन, वस्त्र, दूरसंचार और सौर पीवी जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर जोर दिया गया है, साथ ही चुनौतियों और समाधानों पर भी प्रकाश डाला गया है। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं। नीति आयोग ने 2047 तक भारत को एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने की भारत की आकांक्षा पर जोर दिया है। आयोग ने कहा कि इसके लिए एक केंद्रित रणनीति की आवश्यकता होगी। इस रणनीति में पैमाना, प्रतिस्पर्धात्मकता, नवाचार और वैश्विक मूल्य शृंखलाओं में एकीकरण शामिल होना चाहिए। नीति आयोग के उपाध्यक्ष अशोक कुमार लाहिरी ने कहा कि भारत अपनी आर्थिक और औद्योगिक यात्रा के एक निर्णायक क्षण में खड़ा है।ये सभी क्षेत्र मिलकर भारत के विनिर्माण अवसर की व्यापकता दर्शाते हैं। इनमें रोजगार-गहन उद्योग और मूलभूत औद्योगिक इनपुट शामिल हैं। उन्नत प्रौद्योगिकी उत्पाद और भविष्य के रणनीतिक क्षेत्र भी इसका हिस्सा हैं। रसायन उद्योग में घरेलू फीडस्टॉक उपलब्धता मजबूत करना प्राथमिकता है।

नीति आयोग ने 13 अगस्त, 2026 को 'भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए प्रमुख क्षेत्र' नामक अपनी रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट में चार प्रमुख क्षेत्रों की पहचान की गई है। इनमें रसायन, वस्त्र, दूरसंचार और नेटवर्क उपकरण, तथा सौर पीवी विनिर्माण शामिल हैं। ये क्षेत्र औद्योगिक वृद्धि को तेज करने में सहायक होंगे। इनसे रोजगार पैदा होगा और तकनीकी क्षमताओं में वृद्धि होगी। ये भारत की आत्मनिर्भरता को भी मजबूत करेंगे। साथ ही अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भारत की उपस्थिति का विस्तार करेंगे। लाहिरी ने बताया कि हर प्रमुख औद्योगिक अर्थव्यवस्था का अनुभव यही दर्शाता है। निरंतर आर्थिक परिवर्तन एक मजबूत और विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी विनिर्माण आधार पर निर्मित होता है। विनिर्माण केवल निवेश, नवाचार और निर्यात को बढ़ावा नहीं देता। यह गुणवत्तापूर्ण रोजगार भी पैदा करता है और उत्पादकता बढ़ाता है। यह अर्थव्यवस्था के कई क्षेत्रों में संबंधों को भी मजबूत करता है।रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के पास कई अंतर्निहित लाभ हैं। इनमें बड़ा घरेलू बाजार, अनुकूल जनसांख्यिकीय प्रोफाइल और बेहतर नीतिगत माहौल शामिल हैं। बढ़ते बुनियादी ढांचा निवेश और आपूर्ति-श्रृंखला विविधीकरण में वैश्विक रुचि भी भारत के पक्ष में है।

# India-US Trade: भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर प्रगति जारी, रूसी तेल खरीद पर अमेरिकी कानून से बढ़ी चिंता



भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत आगे बढ़ी है। वहीं, अमेरिकी सीनेट ने रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 100 फीसदी शुल्क लगाने का अधिकार देने वाला लिंडसे ग्राहम अधिनियम पारित किया है, जिससे भारत की चिंताएं बढ़ सकती हैं। नई दिल्ली। भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर महत्वपूर्ण प्रगति हो रही है। वाणिज्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने इस बात की पुष्टि की है। दोनों देश इस समझौते को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।अधिकारी ने बताया कि भारत और अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर लगातार बातचीत कर रहे हैं। यह समझौता दोनों देशों के आर्थिक संबंधों को नई दिशा देगा। इसी बीच, अमेरिकी सीनेट ने लिंडसे ग्राहम अधिनियम पारित किया है। यह अधिनियम रूस से तेल खरीदने वाले शीर्ष देशों पर 100 फीसदी शुल्क लगाने का अधिकार देता है। इस पर वाणिज्य मंत्रालय के अधिकारी ने टिप्पणी करने से इन्कार कर दिया। उन्होंने इसे अमेरिका की आंतरिक प्रक्रिया बताया। खरीद पर अमेरिकी कानून का क्या असर होगा?

**भारत-अमेरिका व्यापार समझौता क्यों महत्वपूर्ण है?**

यह द्विपक्षीय व्यापार समझौता दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश को बढ़ावा देगा। इससे भारतीय उत्पादों को अमेरिकी बाजार में बेहतर पहुंच मिलेगी। साथ ही, अमेरिकी कंपनियों के लिए भारत में निवेश के नए अवसर खुलेंगे। वाणिज्य मंत्रालय के अधिकारी के अनुसार, दोनों पक्ष इस समझौते को लेकर गंभीर हैं।रूस से तेल



**खरीद पर अमेरिकी कानून का क्या असर होगा?**

अमेरिकी सीनेट द्वारा पारित लिंडसे ग्राहम अधिनियम रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर भारी शुल्क लगा सकता है। यह कानून उन देशों को लक्षित करता है जो रूस के सबसे बड़े तेल खरीदार हैं। भारत रूस से कच्चे तेल का एक बड़ा आयातक है। हालांकि, वाणिज्य मंत्रालय के अधिकारी ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की। उन्होंने इसे अमेरिका की आंतरिक प्रक्रिया बताया।

# Tata Sons: 'चंद्रशेखरन के योगदान के लिए धन्यवाद' इस्तीफे पर टाटा ट्रस्ट की प्रतिक्रिया; नए बॉस की तलाश शुरू




**टाटा ट्रस्ट्स की ओर से जारी बयान में क्या कहा गया है?**

टाटा ट्रस्ट्स ने एक बयान जारी कर बताया है कि टाटा संस प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन ने पुनर्नियुक्ति से इन्कार कर दिया है। उनका वर्तमान कार्यकाल 20 फरवरी 2027 को समाप्त हो रहा है। चंद्रशेखरन ने नामित निदेशकों को ईमेल के जरिये यह निर्णय बताया। सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट (एसडीटीटी) ने उनके इस निर्णय का सम्मान किया है। ट्रस्ट ने पिछले एक दशक में टाटा संस और टाटा समूह के प्रति उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने समूह में महत्वपूर्ण परिवर्तन, विकास और रूपांतरण में अमूल्य योगदान दिया। ट्रस्ट ने उनके नेतृत्व के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट के न्यासियों ने एक प्रस्ताव पारित किया है। इसके तहत नए अध्यक्ष की नियुक्ति के लिए चयन समिति बनेगी। यह समिति टाटा संस के आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन के अनुसार काम करेगी।इस पूरे घटनाक्रम के पीछे बोर्डरूम के भीतर हुआ एक बड़ा असंतोष मुख्य वजह बनकर उभरा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट (एसडीटीटी) और सर रतन टाटा ट्रस्ट ने सर्वसम्मति से चंद्रशेखरन के कार्यकाल को और पांच वर्षों के लिए बढ़ाने की सिफारिश की थी। इसके बाद टाटा संस की नामांकन और पारिश्रमिक समिति (एनआरसी) और निदेशक मंडल ने भी इस प्रस्ताव को आगे बढ़ाया था।

टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन के अगले साल कार्यकाल समाप्त होने के बाद नए उत्तराधिकारी की खोज शुरू हो गई है। टाटा ट्रस्ट्स ने चयन समिति बनाने की प्रक्रिया शुरू की है। बोर्ड बैठक के भीतर का सच जानने के लिए पूरी खबर पढ़ें। भारतीय कॉरपोरेट जगत के सबसे बड़े और प्रतिष्ठित समूह टाटा संस में नए शीर्ष नेतृत्व की तलाश का बिगुल बज चुका है। टाटा संस के वर्तमान चेयरमैन एन चंद्रशेखरन का कार्यकाल अगले साल फरवरी 2027 में समाप्त होने जा रहा है। उनकी ओर से आगे कार्यकाल न संभालने के फैसले का एलान करने के बाद, अब समूह के सबसे बड़े शेयरधारक टाटा ट्रस्ट्स ने उनका उत्तराधिकारी चुनने के लिए एक औपचारिक चयन समिति बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस फैसले के साथ ही पिछले कई महीनों से चंद्रशेखरन की पुनर्नियुक्ति को लेकर बनी अनिश्चितता की स्थिति पूरी तरह से समाप्त हो गई है।

**क्या नेतृत्व परिवर्तन की प्रक्रिया शुरू हो गई?**

ट्रस्ट ने यथाशीघ्र चयन समिति के गठन की प्रक्रिया शुरू करने का निर्णय लिया है। टाटा संस को इस प्रक्रिया में पूर्ण समर्थन दिया जाएगा। इसका उद्देश्य सुचारु, समयबद्ध और व्यवस्थित नेतृत्व परिवर्तन सुनिश्चित करना है। यह परिवर्तन टाटा संस और टाटा समूह के मूल्यों के अनुरूप होगा। साथ ही, यह समूह के दीर्घकालिक हितों को भी ध्यान में रखेगा। लेकिन जब इस प्रस्ताव को 24 फरवरी को टाटा संस बोर्ड के सामने रखा गया, तो एक निदेशक (बोर्ड सदस्य) ने इसका समर्थन नहीं किया।

# Trade Deficit: भारत का व्यापार घाटा बढ़ा, पश्चिम एशिया को निर्यात में उछाल; जानिए क्या कह रहे आंकड़े



एक ओर आयात बढ़ने से घरेलू मांग में तेजी का संकेत मिलता है। दूसरी ओर, व्यापार घाटे का बढ़ना चिंता का विषय है। सरकार इस स्थिति पर बारीकी से नजर रख रही है। नीति निर्माताओं के लिए यह एक चुनौती भरा समय है। उन्हें निर्यात बढ़ाने और आयात को संतुलित करने के उपाय खोजने होंगे।

**क्या वेस्ट एशिया को निर्यात में वृद्धि एक सकारात्मक संकेत है?**

वाणिज्य सचिव के अनुसार, वेस्ट एशिया को भारत का निर्यात बढ़ा है। जुलाई 2026 में यह 8.62 फीसदी बढ़कर 5.7 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। पिछले साल जुलाई 2025 में यह आंकड़ा 5.2 अरब अमेरिकी डॉलर था। यह वृद्धि वैश्विक व्यापार में भारत की बढ़ती पहुंच को दर्शाती है। यह आंकड़ा देश के निर्यातकों के लिए उत्साहजनक है।

**आयात में भारी वृद्धि का क्या अर्थ है?**

जुलाई 2026 में भारत का कुल आयात 17.52 फीसदी बढ़ा है। यह बढ़कर 66.22 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है। आयात में यह वृद्धि कई कारणों से हो सकती है। इसमें कच्चे तेल और अन्य वस्तुओं की बढ़ती कीमतें शामिल हो सकती हैं। घरेलू उद्योग की बढ़ती मांग भी इसका एक कारण हो सकती है।



वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल के अनुसार, जुलाई 2026 में भारत का व्यापार घाटा बढ़कर 31.98 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। वेस्ट एशिया को निर्यात में 8.62 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि आयात 17.52 फीसदी बढ़ा। भारत के व्यापार मोर्चे पर जुलाई 2026 के आंकड़े चिंता और राहत दोनों लाए हैं। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि इस महीने व्यापार घाटा काफी बढ़ गया है। हालांकि वेस्ट एशिया को होने वाले निर्यात में अच्छी वृद्धि दर्ज की गई है।जुलाई 2026 में भारत का व्यापार घाटा बढ़कर 31.98 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। यह जुलाई 2025 के 27.88 अरब अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अधिक है। आयात में भी उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। जुलाई 2026 में कुल आयात 17.52 फीसदी बढ़कर 66.22 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया। यह आंकड़े देश की अर्थव्यवस्था के लिए मिश्रित संकेत दे रहे हैं।



# Gold Silver Price: सोने की कीमतों में उछाल, भाव ₹1.59 लाख प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा सोना; जानिए चांदी की कीमत



**आज सोने और चांदी की कीमतों में कितना बड़ा उछाल आया है?**

बुधवार (12 अगस्त 2026) को दिल्ली के सर्राफा बाजार में 99.9% शुद्धता वाला सोना 2,600 रुपये महंगा होकर सीधे 1,59,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गया। इससे पिछले सत्र यानी मंगलवार को यह 1,57,200 रुपये पर बंद हुआ था। दूसरी तरफ, चांदी की कीमतों ने भी सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। चांदी 4,000 रुपये की भारी-भरकम छलांग लगाकर 2,46,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है, जो मंगलवार को 2,42,000 प्रति किलो पर बंद हुई थी।सोने के भाव में यह तेजी लगातार सातवें सत्र में भी जारी रही है। आंकड़े गवाह हैं कि महज एक हफ्ते पहले, यानी 3 अगस्त को सोने की कीमत 1,47,400 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। तब से लेकर अब तक सोना 12,400 रुपये यानी कुल 8.4 प्रतिशत मजबूत हो चुका है। यह रफ्तार दिखाती है

**अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्या चल रहे हैं सोने-चांदी के भाव?**

भारतीय बाजारों की तरह ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने और चांदी की कीमतों में भारी उछाल दर्ज किया गया है। वैश्विक स्तर पर हाजिर सोना 1.02 प्रतिशत (44.48 डॉलर) की मजबूती के साथ 4,412.63 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा है। इसके साथ ही, अंतरराष्ट्रीय चांदी भी 2.37 प्रतिशत की तेजी के साथ 66.23 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर पहुंच गई है।

सोने की कीमतों में लगातार सातवें दिन रिकॉर्ड तेजी देखी गई और यह 1.59 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। वहीं चांदी भी 4,000 रुपये महंगी होकर 2.46 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। जानें इस ऐतिहासिक उछाल की असली वजह।सोने की चमक इतनी तेज हो चुकी है कि अब इसे देखना भी आम आदमी की आंखों को चौंधिया रहा है! जी हां, दिल्ली के सराफा बाजार में सोने ने लगातार सातवें दिन उड़ान भरते हुए एक नया ऐतिहासिक रिकॉर्ड बना दिया है। सोना अब 1.59 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के जादुई और बेहद महंगे स्तर पर पहुंच चुका है। सिर्फ सोना ही नहीं, बल्कि चांदी की चमक भी इस बार चौगुनी हो गई है।



एचडीएफसी सिक्योरिटीज के सीनियर एनालिस्ट सौमिल गांधी का कहना है कि अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड यील्ड में गिरावट और स्थिर अमेरिकी डॉलर ने भी सोने-चांदी की कीमतों को वैश्विक स्तर पर मजबूत सहारा दिया है। सामने आने से पहले कई बड़े निवेशक अभी भी थोड़ा सतर्क रुख अपनाए हुए हैं।

# The Bonus Market Update: सेंसेक्स 70 अंक से ज्यादा लुढ़का, निफ्टी में भी गिरावट; कच्चे तेल और सीपीआई पर नजर

बुधवार को भारतीय शेयर बाजार गिरावट के साथ खुला। सेंसेक्स और निफ्टी में कमी दर्ज की गई। मध्य पूर्व में कच्चे तेल के दाम बढ़ने और अमेरिकी सीपीआई आंकड़ों के इंतजार से बाजार पर दबाव रहा। जानें वैश्विक बाजारों का हाल और प्रमुख शेयरों की स्थिति। भारतीय शेयर बाजार बुधवार को गिरावट के साथ खुला। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों प्रमुख सूचकांकों में कमी दर्ज की गई। पश्चिम एशिया में अस्थिर राजनीतिक उठापटक के बीच कच्चे तेल के दाम 90 डॉलर प्रति बैरल की ओर बढ़ रहे हैं। बाजार का ध्यान अब अमेरिकी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के आंकड़ों पर केंद्रित हो गया है। ये आंकड़े बुधवार को ही जारी होने वाले हैं। महंगाई के इन आंकड़ों से वैश्विक ब्याज दर की उम्मीदों पर नए संकेत मिलने की उम्मीद है। साथ ही, ये आंकड़े व्यापक बाजार धारणा को भी प्रभावित करेंगे। बुधवार को सुबह 09:27 बजे, सेंसेक्स 70.98 अंक या 0.09 फीसदी गिरकर 78,083.27 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी भी 55.41 अंक या 0.23 फीसदी की गिरावट के साथ 24,416.30 पर था। भारतीय बाजार में हिंडाल्को के शेयरों में दो फीसदी की वृद्धि देखी गई। वहीं, बजाज फिनसर्व के शेयरों में एक फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। निवेशकों की नजर अब अमेरिका से आने वाले आर्थिक आंकड़ों पर टिकी है।पश्चिम एशिया में जारी अस्थिर राजनीतिक उठापटक के कारण कच्चे तेल के दाम लगातार बढ़ रहे हैं।



**अमेरिका के नए टैरिफ बिल से भारत में चिंता: औद्योगिक संगठन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ वाले फैसले को लेकर औद्योगिक संगठन ने चिंता जाहिर की है। ईईपीसी इंडिया नाम के इस संगठन ने कहा कि अमेरिकी सीनेट ने प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप को रूसी ऊर्जा के शीर्ष आयातकों पर 100 फीसदी तक टैरिफ लगाने का अधिकार देने वाले बिल को मंजूरी दे दी है। इससे भारत से इंजीनियरिंग एक्सपोर्ट को लेकर चिंता बढ़ गई है। संगठन के मुताबिक अगर यह कानून बन जाता है तो इसके नतीजे बेहद गंभीर हो सकते हैं। ईईपीसी इंडिया के चेयरमैन पंकज चड्ढा ने कहा, यह हमारे लिए वाकई चिंता की बात है, क्योंकि अमेरिका भारतीय इंजीनियरिंग सामानों का टॉप मार्केट है। बिल को अभी लेजिस्लेटिव प्रोसेस पूरा करना बाकी है लेकिन यह हमारे लिए सच में चिंता की बात है। चड्ढा ने कहा, लिंड्से ओ. ग्राहम सैंक्शनिंग रशिया एंड ईरान एक्ट ऑफ 2026 नाम का यह बिल, अगर अमेरिकी कांग्रेस से मंजूर हो जाता है और कानून बन जाता है, तो इंडियन गुड्स एक्सपोर्ट पर इसका बड़ा असर पड़ सकता है। हालांकि, अभी इसके किसी भी संभावित असर पर बात करना जल्दबाजी होगी।

## मैं पापा हूं दुनिया का पापा जबरा फैन की डिमांड पर सनी देओल ने बोला इस कार्टून का डायलॉग





बॉलीवुड एक्टर सनी देओल फिल्म बंटवारा 1947 के चलते काफी चर्चाओं में हैं। इस बीच प्रमोशन करने पहुंचे एक्टर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। जानिए वीडियो में क्या कुछ है खास। सनी देओल की फिल्म 'बंटवारा 1947' आज यानी 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इससे पहले गुरुवार को सनी फिल्म के प्रमोशन के लिए पहुंचे थे। इस बीच फैन ने एक ऐसी गुजारिश की जिसे सनी ना नहीं कह पाए। अब उनका वीडियो सोशल मीडिया पर काफी चर्चाओं में आ गए हैं।

**सनी ने फैंस की गुजारिश की पूरी**

दरअसल, सनी देओल बंटवारा 1947 के प्रमोशन इवेंट में पहुंचे थे। इस दौरान एक फैन ने उनसे पॉपुलर कार्टून शो 'ओगी एंड द कॉकरोचेस' के कैरेक्टर जैक के डायलॉग- 'मैं पापा हूं, दुनिया का पापा' कहने को कहा। इस पर सनी पहले मुस्कुराते हुए कहते हैं कि मैंने वो सुना तो नहीं है, लेकिन तुम कह रहे हो तो बोलता हूं। इसके बाद सनी डायलॉग बोलकर दिखाते हैं, जिसे सुनकर वहां मौजूद फैंस काफी खुश हो जाते हैं। बता दें कि 'ओगी एंड द कॉकरोचेस' एक कार्टून शो है, जो बच्चों के बीच काफी पॉपुलर है। साथ ही इसकी कई रील्स भी वायरल होती रहती हैं। शो में जैक, ओगी का भाई होता है, जिसकी आवाज सनी देओल से प्रेरित कर दी गई है। शो के कई क्लिप्स सोशल मीडिया पर वायरल रहते हैं।

**बंटवारा 1947' के बारे में**

राजकुमार संतोषी निर्देशित इस फिल्म 'बंटवारा 1947' को आमिर खान प्रोडक्शन ने प्रोड्यूसर किया है, इसमें सनी देओल के अलावा शबाना आजमी, प्रीति जिंटा, करण देओल, अली फजल और अभिमन्यु सिंह जैसे कलाकार दिखाई देंगे।

बंटवारा 1947' एक भावुक करने वाली कहानी है। यह भारत के बंटवारे के दर्द और उससे जुड़े इंसानी जज्बातों को करीब से दिखएगी।

## मैं वहीं वापस जाना चाहती थी जहां से सब शुरू हुआ प्रीति जिंटा ने शेयर की 'बंटवारा' के लुक टेस्ट की तस्वीर




Preity Zinta Look In Batwara 1947: फिल्म 'बंटवारा 1947' आज 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इससे पहले प्रीति जिंटा ने फिल्म से अपने लुक टेस्ट का फोटो शेयर किया है। सनी देओल, प्रीति जिंटा, शबाना आजमी और अली फजल जैसे सितारों से सजी फिल्म 'बंटवारा 1947' आज शुक्रवार को आखिर दर्शकों तक पहुंच गई है। इस फिल्म की रिलीज से पहले, बीती रात प्रीति जिंटा ने फिल्म से जुड़ी याद शेयर की। उन्होंने अपने किरदार हमीदा के लुक टेस्ट की एक फोटो शेयर की है। साथ ही इमोशनल नोट लिखा है। प्रीति जिंटा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने अपनी एक ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर शेयर की है, जो फिल्म 'बंटवारा' में उनके किरदार हमीदा के लुक टेस्ट की है। इसके साथ प्रीति ने कैप्शन लिखा है, 'फिल्म 'बंटवारा 1947' की रिलीज से ठीक पहले मैं उस जगह वापस जाना चाहती थी, जहां से सबकुछ शुरू हुआ। यह तस्वीर 'लुक टेस्ट' के दौरान ली गई थी, जहां मैंने पहली बार हमीदा का रूप देखा और उसे महसूस किया'। प्रीति ने आगे लिखा है, 'मेरे लिए हमीदा को रूमी के इन मशहूर शब्दों से बहुत खूबसूरती से बयां किया जा सकता है, 'अगर आस-पास सब कुछ अंधेरा लगे, तो फिर से देखो, हो सकता है

## 'आवारापन 2' ने रिलीज से पहले तोड़े ये रिकॉर्ड प्री-सेल्स में ही कमा लिए करोड़ों 'बंटवारा 1947' को छोड़ा पीछे




Awarapan 2 Vs Batwara 1947: इमरान हाशमी की फिल्म 'आवारापन 2' आज यानी 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। लेकिन फिल्म ने रिलीज से पहले ही कुछ रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए हैं। जानिए क्या है पूरा मामला। आज से सनी देओल की फिल्म 'बंटवारा 1947' और इमरान हाशमी की 'आवारापन 2' के बीच महाक्लैश देखने को मिलने। रिलीज से पहले इन दोनों फिल्मों की एडवांस बुकिंग के आंकड़े भी सामने आ चुके हैं। जानिए दोनों में से कौनसी फिल्म ने एडवांस बुकिंग में बाजी मारी है। राजकुमार संतोषी निर्देशित इस फिल्म 'बंटवारा 1947' को आमिर खान प्रोडक्शन ने प्रोड्यूसर किया है, इसमें सनी देओल के अलावा शबाना आजमी, प्रीति जिंटा, करण देओल, अली फजल और अभिमन्यु सिंह जैसे कलाकार दिखाई देंगे। 'बंटवारा 1947' एक भावुक करने वाली कहानी है। यह भारत के बंटवारे के दर्द और उससे जुड़े इंसानी जज्बातों को करीब से दिखएगी। फिल्म 'आवारापन 2' में इमरान हाशमी के अलावा दिशा पाटनी, शबाना आजमी मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म को नितिन कक्कड़ ने निर्देशित किया है।

## क्या 'धुरंधर' फेम दानिश पंडोर करने वाले हैं शादी? अभिनेता ने दी प्रतिक्रिया गर्लफ्रेंड आहाना कुमरा संग आए नजर



Actor Danish Pandor Marriage Rumours: 'धुरंधर' फेम दानिश पंडोर जल्द शादी कर सकते हैं, ऐसी अटकलें लग रही हैं। इन अफवाहों पर अभिनेता ने क्या जवाब दिया, जानिए? 'धुरंधर' फ्रैंचाइजी में अभिनेता दानिश पंडोर ने उजैर बलोच का किरदार निभाया था। इस फिल्म के बाद दानिश की खूब चर्चा रही। साथ ही उनकी लव लाइफ भी सुर्खियों में आई। हाल ही में गर्लफ्रेंड आहाना कुमरा के साथ उनकी शादी की अटकलें भी लगीं। इस पर अभिनेता ने क्या प्रतिक्रिया दी, जानिए?

**शादी की अटकलों पर क्या रही दानिश की प्रतिक्रिया?**

एक वायरल वीडियो में दानिश पंडोर और आहाना कुमरा किसी इवेंट में साथ नजर आए। इस मौके पर दोनों ने साथ में पैपराजी को पोज दिए। इसी दौरान पैपराजी ने पूछा, 'गुड न्यूज कब दे रहे हैं? शादी की खबर कब सुना रहे हैं?' इस सवाल के जवाब में यह कपल काफी देर तक मुस्कुराता रहा। दानिश पंडोर ने साल 2025 में फिल्म 'धुरंधर' और 2026 में 'धुरंधर 2' में अभिनय किया था। इस फिल्म में उन्होंने उजैर बलोच का किरदार निभाया, इस किरदार में उनके अभिनय को खूब सराहा गया।

## Kangana Ranaut: कंगना ने दिल्ली की सीएम के साथ मनाई तीज क्वीन के गाने पर लगाए ठुमके साझा की तस्वीरें



Kangana Ranaut Celebrated Teej With Delhi CM Rekha Gupta: कंगना रनौत ने दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता के घर पर तीज का त्योहार मनाया। इस उत्सव की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करते हुए भावुक संदेश भी लिखा। कंगना रनौत ने बुधवार देर रात इंस्टाग्राम पर तीज उत्सव मनाते हुए कई तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता के घर पर तीज का त्योहार मनाया। इस मौके पर वह हरे रंग की साड़ी पहने नजर आईं। रेखा गुप्ता के साथ भी उन्होंने तीज मनाते हुए कई तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कीं। इंस्टाग्राम पर तीज मनाते हुए तस्वीरें पोस्ट करने के साथ ही कंगना ने एक कैप्शन भी लिखा। वह इसमें लिखती हैं, 'मेरी पहली तीज का त्योहार। रेखा दीदी के घर पर। उन्होंने सच में एक बड़ी बहन का प्यार और दुलार दिया। बिल्कुल घर जैसा अपनापन मुझे मिला।' आगे कंगना ने कई तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें वह हाथों में मेहंदी लगाती दिखाई दीं। उनके ईद-गिर्द कई महिलाएं भी बैठी थीं। आगे तस्वीरों में वह अपनी फिल्म 'क्वीन' के गाने 'लंदन ठुमका दा' पर डांस करती दिखीं। उनके साथ तीज का त्योहार मनाने आईं महिलाओं ने भी डांस किया। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने भी कंगना के साथ डांस किया। कंगना रनौत बतौर सांसद अपनी नई भूमिकाओं को निभा रही हैं। साथ ही वह एक्टिंग की दुनिया में भी सक्रिय हैं।

## काम करने की कमी महसूस नहीं होती बैन लगाने वालों का आतिफ असलम ने किया धन्यवाद




Atif Aslam: पाकिस्तानी सिंगर आतिफ असलम की आवाज के भारत में भी लाखों फैंस हैं। हालांकि, साल 2016 के बाद से वह भारत में काम नहीं कर पाए हैं। अब सिंगर ने इस मामले पर खुलकर अपने विचार रखे हैं। जानिए उन्होंने क्या कुछ कहा। 2016 उरी आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के बीच पाकिस्तानी कलाकारों के भारत में काम करने पर रोक लग गई थी। इंडियन मोशन पिक्चर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन (IMPPA) ने भी अपने सदस्यों से पाकिस्तानी कलाकारों और तकनीशियनों को नए प्रोजेक्ट्स में काम न देने का प्रस्ताव पास किया था। इस बैन का असर आतिफ असलम समेत कई पाकिस्तानी कलाकारों पर पड़ा। अब आतिफ ने एक यूट्यूब चैनल पर बातचीत के दौरान भारत में अपने करीब एक दशक लंबे ब्रेक के बारे में खुलकर बात की। भारत में अपनी गैरमौजूदगी के बारे में बात करते हुए आतिफ असलम ने कहा कि उन्हें भारत में बैन हुए करीब 10 साल हो चुके हैं। उन्होंने कहा, 'यह भारत सरकार का फैसला था। उन्होंने पाकिस्तान के कलाकारों पर बैन लगाने का फैसला किया। अब पाकिस्तान में भी भारतीय कलाकारों पर बैन है। पिछले 10 साल से मैंने वहां कोई गाना नहीं किया है।' आतिफ असलम ने अपने भारतीय फैंस के लिए भी खास मैसेज दिया। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात से दुखी होने की जरूरत नहीं है। सिंगर ने कहा, 'मैं हमेशा आपको बताना चाहता था कि मुझे आप लोगों की याद आती है। मुझे वहां काम करने की कमी महसूस नहीं होती, लेकिन मुझे आप लोगों की याद

## मैं लड़कियों को मैसेज नहीं करता श्रेया कालरा और शिवांगी जोशी की बातचीत पर कुशल टंडन ने दी प्रतिक्रिया

Kushal Tandon: श्रेया कालरा ने कुश टंडन पर आरोप लगाए हैं। इस पर कुशल टंडन ने जवाब दिया है। उन्होंने भारतीय महिलाओं पर एक बयान दिया है। हाल ही में 'अलायंस' में नजर आए कुशल टंडन तब चर्चा में आ गए जब रियलिटी शो 'लॉक अप 2' में उनके नाम का जिक्र हुआ। एक्टर ने आखिरकार श्रेया कालरा और शिवांगी जोशी की तरफ से शिवांगी के साथ उनके रिश्ते पर की गई बातचीत पर अपनी चुप्पी तोड़ी है।

**लॉक अप' को भेजा बिल**

कुशल ने आईएनएस को बताया, 'मैंने जीएसटी के साथ 'लॉक अप' को एक बिल भेजा है क्योंकि 'मल्टीवर्स' में मेरी बातें घर के बाहर, घर के अंदर और दूसरे शो में हर जगह हो रही थीं। मैं उनकी कंपनी के साथ साइन किया हुआ हूं, इसलिए वे मुझे बहुत जल्द चेक देंगे।'

**श्रेया ने लगाए कुशल पर आरोप**

जानकारी के लिए बता दें कि श्रेया ने पहले 'लॉक अप 2' के एक एपिसोड के दौरान कुशल पर आरोप लगाए थे। उन्होंने दावा किया था कि कुशल ने उनके प्रमोशनल शूट के बाद उन्हें मैसेज भेजा था, जबकि उस समय कथित तौर पर वह शिवांगी जोशी के साथ रिश्ते में थे। श्रेया ने कहा, 'शूट के बाद उन्होंने मुझे मैसेज किया। उस समय मैं किसी और को डेट कर रही थी। तब कुशल टंडन और शिवांगी जोशी के बीच कुछ चल रहा था। मुझे इसके बारे में पता नहीं था। उन्होंने मुझसे बात करना शुरू किया। मुझे कुछ शक हुआ और मैंने बात करना बंद कर दिया।' उन्होंने यह भी कहा कि बाद में जब वे एक दूसरे सेट पर मिलीं, तो उन्होंने शिवांगी से इस मामले पर बात की और गलतफहमी दूर करने के लिए उन्हें चैट भी दिखाई। हाल ही में खत्म हुए शो 'अलायंस' में 16 कंटेस्टेंट्स ने सहयोगी (एलायंस) के तौर पर एंट्री की थी, लेकिन वफादारी बदलना, धोखा और रणनीतिक गेमप्ले ने फाइनल प्राइज की दौड़ में हर एलायंस की परीक्षा ली। मिनी माथुर ने 'अलायंस' सीजन 1 की ट्रॉफी जीती।



# Aaj Ka Rashifal 14 August

## मेष-वृषभ समेत इन 2 राशियों के लिए खुलेंगे सफलता के नए रास्ते, करियर में मिलेगी खुशखबरी




**Rashifal 14 August:** आइए जानते हैं आज का दिन मेष से लेकर मीन राशि वालों के लिए कैसा रहेगा।

**Rashifal 14 August:** 14 अगस्त 2026 का दिन ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति के लिहाज से कई राशियों के लिए खास रहने वाला है। किसी राशि के जातकों को करियर और आर्थिक मामलों में लाभ मिल सकता है, तो कुछ लोगों को रिश्तों और कामकाज में थोड़ा संयम बरतने की जरूरत होगी। सितारों का साथ किसे मिलेगा और किसे आज संभलकर कदम बढ़ाना चाहिए? जानिए मेष से लेकर मकर राशि तक सभी राशियों का आज का राशिफल।

### मेष

आज का दिन आपके लिए संतुलन, सुकून और सकारात्मक ऊर्जा लेकर आया है। प्रेम संबंधों में मधुरता बढ़ेगी और अपने प्रिय के साथ बिताए गए पल आपके चेहरे पर मुस्कान ले आएंगे। वैवाहिक जीवन में भी खुशियों का माहौल रहेगा। जीवनसाथी को कार्यक्षेत्र में कोई बड़ी उपलब्धि, सम्मान या प्रमोशन मिलने की संभावना है, जिससे पूरे परिवार का उत्साह बढ़ेगा। संतान के भविष्य को लेकर गंभीर चर्चा हो सकती है और आप उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा या किसी नए कोर्स से जुड़ी अच्छी खबर मिलने के संकेत हैं। अपनी जरूरतों की पूर्ति के लिए खरीदारी का मन बनेगा और सरकारी योजनाओं से भी लाभ मिलने की संभावना है।

### वृषभ

आज का दिन नई जिम्मेदारियों और सुनहरे अवसरों की सौगात लेकर आया है। कार्यक्षेत्र में आपको महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है, जिसे आप पूरी लगन और आत्मविश्वास के साथ निभाएंगे। आपकी मेहनत और ईमानदारी वरिष्ठ अधिकारियों को प्रभावित करेगी। सरकारी योजनाओं या किसी सरकारी सुविधा का लाभ मिलने के योग हैं। अनावश्यक विवादों और उलझनों से दूरी बनाए रखना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। यदि लंबे समय से अपना घर खरीदने का सपना देख रहे हैं, तो आज उससे जुड़ी सकारात्मक प्रगति देखने को मिल सकती है। लोन या आर्थिक सहायता मिलने की संभावना भी मजबूत रहेगी।

### मिथुन

आज आप अपने हर काम को समय पर पूरा करने के लिए पूरी तरह सक्रिय और उत्साहित रहेंगे। आपकी मधुर वाणी और विनम्र व्यवहार समाज में आपका सम्मान बढ़ाएंगे। अपने काम पर ध्यान केंद्रित रखना ही आज आपकी सबसे बड़ी सफलता की कुंजी बनेगा। व्यापार करने वालों को अपने उत्पाद या सेवाओं की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देना चाहिए, क्योंकि यही आपकी पहचान और प्रतिष्ठा को मजबूत करेगी। किसी भी गोपनीय जानकारी को दूसरों के साथ साझा करने से बचें। विरोधियों की बातों में आने के बजाय अपने विवेक से निर्णय लेना अधिक लाभदायक रहेगा।

### कर्क

आज आपको अपने लक्ष्य पर पूरा ध्यान बनाए रखना होगा। कार्यक्षेत्र में एकाग्रता और अनुशासन ही आपको सफलता दिलाएंगे। फिटनेस और स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही बिल्कुल न करें। आर्थिक लेन-देन पूरी सावधानी और लिखित प्रमाण के साथ करें, ताकि भविष्य में किसी तरह की परेशानी न हो। कानूनी मामलों में जल्दबाजी करने से बचें और हर कदम सोच-समझकर उठाएं। सरकारी योजनाओं के माध्यम से कोई बड़ा निवेश या नई योजना शुरू करने का विचार आपके लिए भविष्य में लाभदायक साबित हो सकता है।

### सिंह

आज का दिन आपको हर कदम सोच-समझकर आगे बढ़ने का संकेत दे रहा है। अपनी जरूरतों और सुविधाओं पर खर्च बढ़ सकता है, लेकिन आर्थिक संतुलन बनाए रखना जरूरी होगा। प्रेम संबंधों में रोमांस और अपनापन बढ़ेगा। साथी के साथ बिताया गया समय रिश्ते को और मजबूत बनाएगा। किसी पुराने मित्र से मुलाकात पुरानी यादों को ताजा कर सकती है। घर के लंबे समय से रुके हुए कार्यों को पूरा करने का अच्छा अवसर मिलेगा। समय का सही उपयोग करें और अनावश्यक गतिविधियों में अपनी ऊर्जा व्यर्थ न करें।

### कन्या

आज किसी बड़े बदलाव की बजाय स्थिरता बनाए रखना आपके लिए अधिक लाभदायक रहेगा। परिवार में यदि किसी बात को लेकर तनाव चल रहा है, तो मिल-बैठकर बातचीत करने से समाधान निकल सकता है। मन में किसी पुराने मामले को लेकर उलझन बनी रह सकती है, खासकर यदि कोई छिपी हुई बात सामने आए। परिवार के किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा दूर करने में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। जिम्मेदारियां अधिक रहेंगी, लेकिन आपकी समझदारी और धैर्य हर स्थिति को संभाल लेंगे।

### तुला

आज आर्थिक मामलों में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। कोई महत्वपूर्ण काम अंतिम समय में अटक सकता है, जिससे थोड़ी निराशा महसूस होगी। व्यापार से जुड़े लोगों को किसी भी डील या समझौते को पूरी जांच-पड़ताल के बाद ही अंतिम रूप देना चाहिए। संतान की पढ़ाई, करियर और संगति पर विशेष ध्यान दें। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से अपनी निजी या गोपनीय बातें साझा करने से बचें, क्योंकि बाद में यही बात विवाद का कारण बन सकती है।

### वृश्चिक

आज का दिन शुरुआत में थोड़ा उलझा हुआ महसूस हो सकता है, लेकिन धीरे-धीरे परिस्थितियां आपके पक्ष में होती जाएंगी। विदेश यात्रा या विदेश से जुड़े किसी कार्य की योजना बन सकती है। रिश्तेदारों से मिलते समय अपनी वाणी और व्यवहार में संयम बनाए रखें। आपकी कोई पुरानी इच्छा पूरी होने की संभावना है और नया वाहन खरीदने का सपना भी साकार हो सकता है। कार्यक्षेत्र की परेशानियां धीरे-धीरे समाप्त होंगी और आप राहत की सांस लेंगे। धैर्य बनाए रखना आज आपके लिए सबसे बड़ा मंत्र रहेगा।

### धनु

आज साझेदारी में किए गए कार्य आपके लिए लाभदायक साबित होंगे। परिवार के साथ बैठकर पुरानी समस्याओं का समाधान निकालने का अच्छा समय है। जीवनसाथी या पार्टनर के साथ कहीं घूमने-फिरने की योजना बन सकती है, जिससे रिश्तों में और अधिक मिठास आएगी। भविष्य की योजनाओं और आर्थिक मामलों पर भी गंभीर चर्चा होगी। मन में कुछ छोटी-मोटी चिंताएं जरूर रहेंगी, लेकिन आपका सकारात्मक दृष्टिकोण हर स्थिति को आसान बना देगा।

### मकर

आज का दिन खुशियों और उपलब्धियों से भरा रहेगा। करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर मिल सकते हैं और आपकी मेहनत का अच्छा परिणाम देखने को मिलेगा। प्रेम जीवन भी पहले से अधिक सुखद और संतुलित रहेगा। किसी राजनीतिक या विवादित माहौल से दूरी बनाए रखना आपके लिए बेहतर रहेगा। अपने कीमती सामान और जरूरी दस्तावेजों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। साझेदारी में किया गया काम उम्मीद से अधिक लाभ दिला सकता है।

### कुंभ

आज स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना बेहद जरूरी होगा। खान-पान में लापरवाही करने से छोटी-मोटी परेशानी हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आप पूरे जोश और उत्साह के साथ काम करेंगे, लेकिन एक साथ कई जिम्मेदारियां मिलने से थोड़ी बेचैनी महसूस हो सकती है। व्यापार में विरोधियों की गतिविधियों पर नजर बनाए रखें। वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतें। पुरानी गलतियों से मिली सीख आज आपको सही दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देगी।

### मीन

आज काम का दबाव थोड़ा अधिक रहेगा, लेकिन आपकी मेहनत और आत्मविश्वास आपको हर चुनौती से पार ले जाएंगे। कार्यक्षेत्र में आपके काम की सराहना होगी, जिससे मनोबल और बढ़ेगा। मां की ओर से कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है, जिसे आप पूरी निष्ठा से निभाएंगे। भाई-बहनों का सहयोग आपके लिए बड़ी ताकत बनेगा। पुराने लेन-देन से जुड़ी परेशानियां दूर होंगी और आर्थिक राहत मिलेगी। हालांकि किसी कानूनी मामले में थोड़ा सतर्क रहना जरूरी होगा। सोच-समझकर उठाया गया हर कदम आपके लिए सफलता का मार्ग खोलेगा।

# Aaj Ka Love Rashifal

## मिथुन राशि वालों को रिश्ते में रखना होगा धैर्य, धनु को मिलेगा पार्टनर का खास सरप्राइज




**14 अगस्त 2026** का दिन प्रेम और रिश्तों के लिहाज से सभी राशियों के लिए अलग-अलग संकेत लेकर आया है। किसी के रिश्ते में प्यार बढ़ेगा, तो कुछ लोगों को गलतफहमी दूर करने का मौका मिलेगा। जानें मेष से मीन तक आज का लव राशिफल।

**14 August Love Rashifal:** 14 अगस्त 2026 का दिन प्रेम और रिश्तों के मामले में खास रह सकता है। ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति का असर लोगों के निजी जीवन और रिश्तों पर देखने को मिल सकता है। किसी राशि के जातकों के लिए आज का दिन प्यार, रोमांस और आपसी समझ बढ़ाने वाला रहेगा, तो कुछ लोगों को रिश्ते में चल रही गलतफहमियों को दूर करने का मौका मिल सकता है। जो लोग सिंगल हैं, उनके जीवन में किसी खास व्यक्ति की एंट्री के संकेत मिल सकते हैं। वहीं, प्रेम संबंधों में चल रहे लोगों को पार्टनर के साथ खुलकर बातचीत करने और एक-दूसरे की भावनाओं को समझने की जरूरत होगी। विवाहित लोगों के लिए भी दिन रिश्ते में मिठास बढ़ाने वाला हो सकता है। आइए जानते हैं मेष से मीन तक सभी राशियों के लिए आज का लव राशिफल कैसा रहेगा।

# Chandra Grahan 2026

## सूर्य ग्रहण के बाद अब रक्षाबंधन के दिन लगेगा चंद्र ग्रहण, जानें समय और भारत पर प्रभाव




**Chandra Grahan 2026:** सूर्य ग्रहण के कुछ ही दिनों बाद 28 अगस्त को आंशिक चंद्र ग्रहण होगा। ग्रहण के दौरान चंद्रमा कुंभ राशि में स्थित रहेगा। आइए जानते हैं इस चंद्र ग्रहण का समय, दृश्यता और इससे जुड़ी जरूरी बातें।

**Lunar Eclipse 2026 Timing Sutak India:** अगस्त 2026 खगोलीय घटनाओं के लिहाज से बेहद खास माना जाता है। इस महीने सूर्य ग्रहण के बाद अब चंद्र ग्रहण भी लगने जा रहा है। 12 अगस्त को साल का अंतिम सूर्य ग्रहण पड़ रहा है, जबकि इसके कुछ ही दिनों बाद 28 अगस्त को आंशिक चंद्र ग्रहण होगा। खास बात यह है कि यह ग्रहण रक्षाबंधन और श्रावण पूर्णिमा के दिन पड़ेगा। ग्रहण के दौरान चंद्रमा कुंभ राशि में स्थित रहेगा। आइए जानते हैं इस चंद्र ग्रहण का समय, दृश्यता और इससे जुड़ी जरूरी बातें।

**कब लगेगा चंद्र ग्रहण 2026?**

साल 2026 का आखिरी चंद्र ग्रहण 28 अगस्त की सुबह 8 बजकर 4 मिनट से शुरू होगा और सुबह 11 बजकर 22 मिनट तक चलेगा। यह खंडग्रास यानी आंशिक चंद्र ग्रहण होगा। पंचांग के अनुसार, यह ग्रहण श्रावण शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि पर लगेगा, जिस दिन रक्षाबंधन का पर्व भी मनाया जाएगा।

# Mars Nakshatra Gochar 2026

## मंगल ने ली राहु के घर में एंट्री, मेष सहित इन राशि वालों के लिए समय रहेगा कष्टकारी




**Mars Enters Ardra Nakshatra 2026:** मंगल ने राहु के नक्षत्र में परिवर्तन कर लिया है। ऐसे में यह समय कुछ राशि वालों के लिए परेशानियों वाला हो सकता है। इस दौरान छोटी-सी लापरवाही भी बड़ी परेशानी का कारण बन सकती है। आइए इन राशियों को जानते हैं।

**Mars Enters Ardra Nakshatra 2026:** मंगल राहु के नक्षत्र आर्द्रा में प्रवेश कर चुके हैं। ज्योतिष शास्त्र में मंगल और राहु दोनों ग्रहों के बीच आक्रामक संयोजन माना जाता है। दोनों ग्रह अपने विपरीत प्रभाव के लिए जाने जाते हैं। मंगल जहां ऊर्जा, साहस, भूमि और युद्ध के कारक हैं, वहीं राहु अचानक होने वाली घटनाओं, भ्रम को दर्शाते हैं। दोनों का स्वभाव बेहद अलग है। ऐसे में इसका संयोग कुछ राशि वालों के लिए मुश्किलों भरा हो सकता है। जातकों को लाभ पाने के लिए कड़ी मेहनत और सफलता के लिए अधिक परिश्रम करना पड़ सकता है। इस दौरान जल्दबाजी में लिए गए फैसले नुकसान पहुंचा सकते हैं। ऐसे में आइए जानते हैं कि, इस समय किन राशियों को अलर्ट रहने की आवश्यकता रहेगी।

**मेष राशि**

मेष राशि वालों को सावधानी रखने की आवश्यकता रहेगी। इस दौरान आपको निर्णय लेने में असमंजस की स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। धन लाभ के लिए बहुत मेहनत करनी पड़ सकती है। छोटी-सी अनदेखी भी परेशानी का कारण बन सकती है। कार्यक्षेत्र में जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं और किसी काम को पूरा करने के लिए सामान्य से अधिक प्रयास करने पड़ सकते हैं। करियर से जुड़े कामों को लेकर अधिक प्रयास करने पड़ सकते हैं।

# AUS vs BAN 1st Test Live

## बांग्लादेश ने ऑस्ट्रेलिया पर बनाई बढ़तस्कोर 3 विकेट पर 280 पार



Australia vs Bangladesh 1st Test Day-2 LIVE: नमस्कार! अमर उजाला के लाइव ब्लॉग में आपका स्वागत है। ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश के बीच डार्विन में खेले जा रहे पहले टेस्ट के दूसरे दिन बांग्लादेश ने अपनी पहली पारी में 210 रन बना लिए हैं और ऑस्ट्रेलिया पर 12 रन की बढ़त हासिल कर ली है। तमीम हसन तमिम 93 रन बनाकर शतक से चूक गए। नजमुल हुसैन शांतो 37 रन पर नाबाद हैं। ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश के बीच डार्विन के मारारा क्रिकेट ग्राउंड में खेले जा रहे पहले टेस्ट का दूसरे दिन बांग्लादेश की टीम ने ऑस्ट्रेलिया पर बढ़त हासिल कर ली है। बांग्लादेश ने ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के 198 रन के जवाब में अपनी पहली पारी में दो विकेट पर 210+ रन बना लिए हैं। इस तरह मेहमान टीम ने 40+ रन की बढ़त हासिल कर ली है। फिलहाल कप्तान नजमुल शांतो अर्धशतक लगाकर खेल रहे हैं। उनके साथ मुशफिकुर रहीम क्रीज पर हैं। पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया टीम की शुरुआत उतनी अच्छी नहीं रही। ट्रेविस हेड और जेक वेदराल्ड ने पहले विकेट के लिए 45 रन की साझेदारी निभाई। दोनों को हसन महमूद ने पवेलियन भेजा। हेड 22 रन और वेदराल्ड 23 रन बना सके। मार्नस लाबुशेन का टेस्ट में खराब फॉर्म जारी रहा। वह एक रन बनाकर पवेलियन लौटे। उन्हें इबादत हुसैन ने आउट किया। कैमरन ग्रीन और एलेक्स कैरी भी कुछ खास नहीं कर सके और क्रमश: 13 और 19 रन बनाकर आउट हुए। कैमरन को तस्कीन अहमद और कैरी को इबादत ने पवेलियन भेजा। इस बीच स्टीव स्मिथ ने अर्धशतक जमाया। हालांकि, वह इसे बड़ी पारी में तब्दील नहीं कर सके। स्मिथ को हसन ने अपना शिकार बनाया। स्मिथ 109 गेंद में सात चौके और एक छक्के की मदद से 71 रन बनाकर आउट हुए। ब्यू वेबस्टर भी 12 रन बनाकर तस्कीन का शिकार बने। कप्तान कमिंस नौ रन, मिचेल स्टार्क एक रन और नाथन लियोन सात रन बनाकर आउट हुए। तीनों को हसन महमूद ने आउट किया। जलवुड चार रन बनाकर नाबाद रहे।

# IND vs SL 1st Test: अश्विन की प्लेइंग-11 ने चौंकाया

## सरफराज-जुरेल में किसे चुना? पेसर के डेब्यू की भविष्यवाणी




श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट से पहले पूर्व भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने अपनी संभावित प्लेइंग-11 चुनी है। इसमें उन्होंने ध्रुव जुरेल को सरफराज खान पर तरजीह दी, जबकि अनुभवी तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को बाहर रखा। अश्विन ने युवा तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ को डेब्यू कराने की संभावना जताकर बड़ा सरप्राइज दिया है। श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज शुरू होने से पहले भारतीय टीम की प्लेइंग-11 को लेकर चर्चा तेज है। साई सुदर्शन की चोट ने टीम का समीकरण बदला है और उनकी जगह सरफराज खान की वापसी हुई है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही है कि सरफराज को अंतिम-11 में मौका मिलेगा या नहीं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन ने अपनी टीम चुनकर इस सवाल का जवाब तो दिया ही, साथ ही एक ऐसा नाम भी सामने रखा है, जो सभी को चौंका सकता है। भारत और श्रीलंका के बीच पहला टेस्ट 15 अगस्त से गॉल में खेला जाएगा।
रविचंद्रन अश्विन ने श्रीलंका के खिलाफ गॉल में होने वाले पहले टेस्ट के लिए अपनी संभावित भारतीय प्लेइंग-11 चुनी है। उनकी टीम में सबसे बड़ा सरप्राइज पंजाब के लंबे कद के युवा तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ का नाम है।
अश्विन ने अनुभवी तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को अपनी टीम में जगह नहीं दी है। अश्विन के मुताबिक भारत की तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी मोहम्मद सिराज और गुरनूर बराड़ संभाल सकते हैं। अगर ऐसा होता है तो यह गुरनूर का अंतरराष्ट्रीय टेस्ट डेब्यू होगा। अश्विन की प्लेइंग-11 में यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ओपनिंग करेंगे। तीसरे नंबर पर देवदत्त पडिक्कल को जगह दी गई है, जबकि कप्तान शुभमन गिल चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। इसके बाद विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत पांचवें और ध्रुव जुरेल छठे नंबर पर होंगे। साई सुदर्शन के समय पर फिट नहीं हो पाने के बाद सरफराज खान को श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम में वापस बुलाया गया है। इसके बाद से ही चर्चा थी कि क्या उन्हें अंतिम-11 में मौका मिलेगा।

# ODI World Cup 2027

## वनडे विश्वकप को लेकर हरभजन की कोच गंभीर को खास सलाह

### 4-5 महीने पहले ही ऐसा कर लेने को कहा



वनडे विश्व कप 2027 में अब करीब एक साल का वक्त है, लेकिन टीम इंडिया को लेकर मंथन अभी से तेज है। पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह ने कोच गौतम गंभीर को खास सलाह देते हुए टीम को विश्व कप से चार-पांच महीने पहले तक तय करने की बात कही है। सवाल है कि गंभीर कब तक प्रयोग जारी रखेंगे? वनडे विश्वकप 2027 को आने में अभी लगभग एक साल का वक्त बचा है। हालांकि, सभी टीमें इसकी तैयारियों में जुट गई हैं। कुछ टीमें लगातार प्रयोग कर रही हैं, वहीं कुछ टीमों की नजर अपने कोर खिलाड़ियों को लगातार मौका देने पर है। इसी कड़ी में भारत के पूर्व दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने टीम इंडिया के कोच गौतम गंभीर को खास सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि गंभीर को अभी जितने प्रयोग करने हैं कर लें, लेकिन विश्वकप शुरू होने से चार-पांच महीने पहले टीम तय करना होगा और उन्हें पता होना चाहिए कि कौन से 15 खिलाड़ी विश्वकप खेलने जा रहे हैं।

**भज्जी ने गंभीर को क्या दी सलाह?**

न्यूज एजेंसी पीटीआई को दिए इंटरव्यू में हरभजन ने कहा, 'भारतीय टीम में कई विकल्प हैं और उनमें से किसी एक को चुनना बेहद मुश्किल है। लेकिन गौतम गंभीर और उनकी कोचिंग टीम को कड़ी मेहनत करनी होगी। उन्हें उन वेन्यू और कंडीशन का पता करना होगा, जिनमें भारत 2027 वनडे विश्वकप खेलने जा रहा है। गंभीर को फिर उसी के मुताबिक टीम बनानी होगी। एक साल का समय पर्याप्त समय है। मेरा मानना है कि विश्व कप शुरू होने से चार-पांच महीने पहले तक टीम तय हो जानी चाहिए। उन्हें कई चीजों को ध्यान में रखना होगा और अभी से प्रयोग करने होंगे, ताकि उन खिलाड़ियों की पहचान की जा सके जो टूर्नामेंट के दौरान भारत के लिए अपनी जिम्मेदारी अच्छी तरह निभा सकें।'

**टीम में कई विकल्प होना अच्छा सिरदर्द'**

हरभजन ने कहा, 'भारत के पास कई विकल्प हैं। जब आपके पास कई विकल्प होते हैं तो यह एक अच्छा सिरदर्द है।

# हरभजन ने समझाया कोहली और धोनी की कप्तानी में अंतर

## गंभीर पर कहा- वह दिल के अच्छे लोगों को सच पसंद नहीं



पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह ने विराट कोहली और महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी के बीच अंतर बताते हुए कहा कि कोहली ने टीम की सोच बदल दी। उन्होंने फिटनेस और फील्डिंग में कोहली के योगदान को भी अहम बताया। वहीं, गौतम गंभीर का बचाव करते हुए हरभजन ने कहा कि वह दिल के अच्छे हैं और सच बोलते हैं। भारतीय क्रिकेट में विराट कोहली और एमएस धोनी की कप्तानी के अंदाज में क्या फर्क था और मौजूदा कोच गौतम गंभीर को लेकर लोगों की राय क्यों अलग है? पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह ने दोनों मुद्दों पर खुलकर अपनी बात रखी। उन्होंने कोहली की कप्तानी की सबसे बड़ी खासियत बताते हुए गंभीर का भी बचाव किया और कहा कि वह दिल के अच्छे इंसान हैं, लेकिन लोगों को उनका सच बोलना पसंद नहीं आता। हरभजन ने 2010-11 के ऑस्ट्रेलिया दौरे का उदाहरण देते हुए कहा कि उस समय कोहली ने रन बनाने के साथ-साथ टीम की सोच पर भी असर डालना शुरू कर दिया था। उनके मुताबिक, धोनी की कप्तानी में जहां कई बार मुश्किल लक्ष्य को हासिल करना लगभग असंभव माना जाता था, वहीं कोहली का रवैया था कि लक्ष्य कितना भी बड़ा हो, उसे हासिल करने की कोशिश जरूर की जानी चाहिए। हरभजन ने कहा, 'विराट ने जो सबसे सरल बदलाव किया, वह मानसिकता का था। टेस्ट के पांचवें दिन कई बार ऐसी स्थिति आती थी जब हमें लगता था

# AFG vs IRE ODI: दो शतक 231 रन की साझेदारी और बना ऐतिहासिक स्कोर आयरिश गेंदबाजों पर हावी हुए अफगानी बल्लेबाज




सेदिकुल्लाह अटल और इब्राहिम जादरान के शतकों की बदौलत अफगानिस्तान ने आयरलैंड के खिलाफ 343/9 का स्कोर बनाया। यह वनडे क्रिकेट में अफगानिस्तान का सबसे बड़ा स्कोर है, जबकि अटल-जादरान ने दूसरे विकेट के लिए 231 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी की। अफगानिस्तान ने आयरलैंड के खिलाफ चौथे वनडे मुकाबले में शानदार बल्लेबाजी करते हुए इतिहास रच दिया। सेदिकुल्लाह अटल और इब्राहिम जादरान के शानदार शतकों की बदौलत अफगानिस्तान ने 50 ओवर में नौ विकेट खोकर 343 रन बनाए। यह वनडे क्रिकेट में अफगानिस्तान का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले टीम का सर्वश्रेष्ठ स्कोर 339 रन था, जो उसने 2024 में श्रीलंका के खिलाफ बनाया था।
अटल-जादरान ने संभाली पारीटॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज 12 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद इब्राहिम जादरान और सेदिकुल्लाह अटल ने पारी को संभालते हुए आयरिश गेंदबाजों पर दबाव बना दिया। दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिए 220 गेंदों में 231 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी की। यह अफगानिस्तान की ओर से दूसरे विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है

**आखिरी ओवरों में लड़खड़ाई अफगानिस्तान की टीम**

अटल और जादरान के आउट होने के बाद अफगानिस्तान की पारी थोड़ी धीमी पड़ गई। दरविश रसूली ने 14 गेंदों में 24 रन बनाए, जबकि अजमतुल्लाह उमरजई 12 गेंदों में 15 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान रहमत शाह सिर्फ 2 रन बना सके। राशिद खान ने 10 गेंदों में 11 रन बनाए, जबकि हशमतुल्लाह शाहिदी 7 रन बनाकर नाबाद रहे। गजनफर खाता नहीं खोल सके। अफगानिस्तान ने आखिरी दो ओवरों में तीन विकेट गंवाए, जिसके कारण टीम 350 रन का आंकड़ा पार करने से चूक गई। आयरलैंड की ओर से बायरन मैकडोनो ने तीन विकेट लिए, जबकि मार्क रिचर्ड एडायर और गेविन होए को दो-दो सफलता मिली। 339 रन का रिकॉर्ड टूटा
अफगानिस्तान के 343 रन के साथ ही टीम ने अपना पिछला वनडे रिकॉर्ड तोड़ दिया। उसने 2024 में श्रीलंका के खिलाफ बनाए 339/6 के स्कोर को पीछे छोड़ते हुए वनडे क्रिकेट में अपना नया सर्वोच्च स्कोर बनाया। अटल और जादरान की शतकीय पारियों ने इस ऐतिहासिक स्कोर की नींव रखी। इब्राहिम जादरान ने शानदार लय में बल्लेबाजी करते हुए 118 गेंदों में 107 रन बनाए। उनकी पारी में 11 चौके और एक छक्का शामिल रहा। वहीं, सेदिकुल्लाह अटल ने इससे भी आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और 120 गेंदों में 143 रन ठोक दिए। उन्होंने अपनी पारी में 17 चौके और चार छक्के लगाए। अटल और जादरान की यह साझेदारी 50 ओवर के प्रारूप में अफगानिस्तान की किसी भी विकेट के लिए तीसरी सबसे बड़ी साझेदारी है। इसके अलावा, यह अफगानिस्तान के वनडे इतिहास में केवल चौथा मौका जब एक ही मैच में टीम के दो बल्लेबाजों ने शतक लगाए हैं।

**लेखकों के वैचारिक दृष्टिकोण से या संवाददाताओं की खबरों से संपादक की सहमति-असहमति अनिवार्य नहीं है। किसी लेख या खबर के सन्दर्भ में आपत्ति या विरोध हो तो संपादकीय कार्यालय से सम्पर्क करें।**

**आपके स्पष्टीकरण को साक्ष्य प्रकाशित किया जाएगा।**

**– सम्पादक**

**R.N.I. No.**
**UPHIN/25/A4228**
**स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक**
**निर्भय कुमार सेंगर**
**के लिए 'प्लैनेट न्यूज़ इंडिया' प्रेस से छपकर,**
**बी-9, गायत्री भवन,**
**विक्रम कॉलोनी, चावला पेट्रोल पंप के पास,**
**रामघाट रोड, अलीगढ़**
**(उ.प्र.) से प्रकाशित।**
**मो. 9454428661**
**प्रधान संपादक- निर्भय कुमार सेंगर**
**(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अलीगढ़ होगा)**
**Email:planetnewsindia776@gmail.com**

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91-7088120300
















